also the words, lines and ideas have been incorporated in it to glorify Bhubaneswar of Ekāmrakṣetra. This work presents a particular aspect of the '*līlā*' in a background of highly sensuous charm. It is the only Sanskrit lyrical work of orissa descovered so far which delineats the '*rāsalīlā*' of Śiva and Pārvatī in the manner of '*Kṛṣṇalīlās*' written by poets of orissa during medieval period. The subject-matter and the literary merits, if unfurled properly, shall certainly draw the attention of oriental scholars. To conclude, this paper tries to make a critical assessment of different aspects by gleaning through the facts and ideas embodied in ŚLK.

CS—129

कालिदासनाटकेषु शकुनापशकुनपरम्परा

डा. मनोरमा, लखनऊ

संस्कृतनाटकेषु शकुनापशकुनपरम्परायाः एकं महत्त्वपूर्णं स्थानं विद्यते। नायकस्य यात्रा-प्रयाणे, प्रणयप्रसङ्गे अन्यस्मिंश्च महत्त्वपूर्णे कार्ये क्रियमाणे सति यदि शुभशकुनं दृश्यते तदा नायकस्य मनः प्रफुल्लति नायकश्च स्वकार्ये साफल्यं संभावयति। अन्ततोगत्वा सः सफलोऽपि भवति। किं तु यदा नायकः अपशकुनं पश्यति तदा तस्य मनोऽपि दूयते। सः स्वोद्देश्ये असाफल्यं संभावयति। कालिदासनाटकेषु शकुनापशकुनपरम्परायाः अतीव मनोहराणि चित्राणि चित्रितानि: यथा शाकुन्तले प्रथमाङ्के आश्रमप्रवेशवेलायां दुष्यन्तस्य दक्षिणबाहोः स्फुरणम्, चतुर्थे अनसूयाया हस्तात् पुष्पभाजनस्य अधःपतनम्, पञ्चमे दुष्यन्तस्य गृहे प्रवेशावसरे शकुन्तलाया वामेतरनयन-स्फुरणम्।

कालिदासविरचिते तृतीये नाटके मालविकाग्निमित्रे तु कविः अस्याः परम्परायाः निर्वाहं न करोति।

CS—130

EVALUATION OF KĀLIDĀSA'S WORKS

Dr. A. R. Yardi, Dharwad

Greatness of Kālidāsa in the light of criticism—Views of several critics on Kālidāsa's works—my own evaluation. There are some arguments—Kālidāsa is indebted to Rāmāyaṇa—By Singh—He says—our ancient poet Vālmīki had already observed what Kālidāsa did years afterwards — How far this statement is true or false—He gives no importance to Kālidāsa's genius—He (Singh) is not sure of what he says — Yadav argues that Kālidāsa had an impact on his works of Kāmasūtrakāra Vātsyāyana — It is possible but to what extent ?

Evaluation of Śākuntala with various views of various critics — This is the case with all his works including other dramas and poetry — Togore has tried to point out similarities in Śākuntala and Meghaduta —

These and other topics all discussed in the paper. Also the views of Pangu, Deshpande, Joshi and Tagore are examined.

CS—131

VĀMANA AND MALLINĀTHA : A STUDY

K. Hayagreeva Sarma, Tirupati

वामनविरचितायां काव्यालङ्कारसूत्रवृत्तौ पञ्चमाधिकरणे प्रायोगिकाध्याये १७ सूत्राणि, शब्दशुद्धौ ९१ सूत्राणि च सन्ति। वामनः शब्दशुद्धौ लौकिकप्रयोगान् स्वीकृत्य व्याकरणरीत्या संस्करोति। वामनः पाणिनीयं व्याकरणं सम्यगवधार्य विनूत्रतया स्वाभिप्रायान् प्रकटीचकार। वामन-पाणिनिसूत्रयोः बहुत्र साम्यं वर्तते। पाणिनिना प्रोक्ताः अनेके विषयाः वामनेन सूत्ररूपेण व्याख्याता इति परिशोधनात् ज्ञायते। पाणिनिना अस्पृष्टान् काव्यसम्बद्धान् विषयान् लौकिकप्रयोगांश्च वामनः सूत्ररूपेण उपपादयामास।

पञ्चमहाकाव्यानां बहुषु व्याख्यातृषु सत्स्वपि तेषु मल्लिनाथः प्रसिद्धः। मल्लिनाथः प्रायशः पञ्चमहाकाव्येषु प्रयोगसमर्थनाय द्वात्रिंशत् वामनसूत्राणि उदाहृतवान्। मल्लिनाथव्याख्याः सुलभ-शैल्या सहृदयहृदयाह्लादजनका भवन्ति। मल्लिनाथेन 'सहचरी', 'हस्ताग्र, अग्रहस्तं' इत्यादयः बहवः प्रयोगाः वामनसूत्रप्रमाणत्वेन परिष्कृताः।

अस्मिन् संशोधनपत्रे वामनस्य जीवितादिकं, आलङ्कारिकेषु अस्य वैशिष्ट्यं, वामनपाणिनि-सूत्रयोः साम्यं, वामनेन प्रयोगसाधुत्वसम्पादनाय समादृता शैली, वामनसूत्रप्रमाणत्वेन कविप्रयोगाः कथं वा मल्लिनाथेन संस्कृताः, व्याख्यातृषु मध्ये मल्लिनाथस्य स्थानं इत्यादयः विषयाः विचारयिष्यन्ते।

CS—132

प्रकरण की परम्परा और अतन्द्रचन्द्र प्रकरण

डा. आभा बबेले, झांसी

'अतन्द्रचन्द्र या अतन्द्रचन्द्रिक' प्रकरण भवभूति के मालतीमाधव' से प्रत्यक्षतः प्रभावित प्रकरणों में से है। यद्यपि इसकी रचना भवभूति से कई शताब्दियों पश्चात् लगभग १७ वी शताब्दी में हुई। इसके रचयिता जगन्नाथ थे जो फतेहशाह (१६८४ ई० से १७१६ ई०) के आश्रित थे। इसका प्रथम अभिनय फतेहशाह और उनके सामन्तों के मनोरंजनार्थ हुआ था। जगन्नाथ की रचनाओं में से अभी तक केवल यही उपलब्ध है और यह भी सम्प्रति प्रकाशित

नहीं। इसकी मूल हस्तलिखित प्रति भाण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना में है, जिसकी प्रतिलिपि सागर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में सुरक्षित है।

यह सात अंकों का रूपक है, आदि से अन्त तक जिसकी कथावस्तु 'मालतीमाधव' से पूर्णतः प्रभावित है। यद्यपि कुछ स्थलों पर कवि ने परिवर्तन की चेष्टा की हैं, किंतु वे परिवर्तन इतने सूक्ष्म हैं, कि ध्यान पूर्वक अध्ययन करने पर ही परिलक्षित होते हैं, अन्यथा सरसथी दृष्टि से देखने पर दोनो रूपकों की कथावस्तु में विशेष अन्तर प्रतीत नहीं होता। मालतीमाधव के समान नायिका के अपहरण आदि घटनाओं की पुनरावृति अतन्द्रचन्द्र में नहीं होती। यह एक स्त्रीप्रधान प्रकरण है। चतुर्थ में गोदावरी तथा गंगा आदि नदियों तथा पंचवटी तथा विन्ध्यारण्य आदि का वर्णन भी भवभूति का स्मरण कराता है। नाटयशास्त्रीय परम्परानुसार अंगी रस शृङ्गार ही है। शृङ्गार के प्रधानता के कारण वैदर्भी रीती तथा माधुर्य गुण का प्राचुर्य है। समसामयिक प्रभाव के कारण शार्दूलविक्रीडित छन्दों का बाहुल्य है। सत्रहवीं शताब्दी में प्रकरणों का प्रायः अभाव ही दृष्टिगत होता है। इस दृष्टि से जगन्नाथ की यह रचना विशेष महत्त्वपूर्ण कही जा सकती है।

CS—133

THE TRADITION OF RĀMA-KATHĀ AMONG DIFFERENT PEOPLE AND TRIBES OF NORTH-EAST

Dr. Ram Charan Thakuria, Guwahati

As in the other parts of our vast country, so in the North-East also, the influence of the great epic Rāmāyaṇa and Rāma-lore is quite far-reaching. As early as in the beginning of the 14th century, Mādhava Kandali, an 'unerring poet' of Assam rendered the Vālmīki Rāmāyaṇa into Assamese verse at the behest of his patron-king Śrī-Mahāmāṇikya. Besides various incantations and proverbs, four types of Rāmāyaṇa are discerned in Assamese as far as the style is concerned. They are : (a) Verse Rāmāyaṇa, (b) Prose Rāmāyaṇa, (c) Lyrical Rāmāyaṇa and (d) Hymn Rāmāyaṇa. The Rāmāyaṇa culture has taken deep roots into the life of various tribal people of this region besides the Assamese and the non-tribal people. The evidence of composing Rāmāyaṇa in their own languages is prominently noticed. In this context, mention may be made of *Sābin Ālun* (alternatively known as *Rām-Lakhan Kepiāng*), a Rāmāyaṇa of Karbi people and the Khāmti Rāmāyaṇa which is generally known as *cāo-ālang-lāmāng* (i. e. the story book of Rāma's incarnation). Among the Missing, the Bodo and Dimāsā-Kachārīs and the Khāsi and Jayantīā people of North-East also, there are many popular stories dealing with Rāma lore. Even among the Mizo people who are generally regarded as to be the late entrants to

this region, the Rāmāyaṇa stories have always been popular in their oral tradition; and, of the people of Manipur too, the Rāma-kathā has been an integral part of their lives although the tradition does not date back to antiquity. Recently, a Rāmāyaṇa, written in Tāi-Shān language has also been discovered in the Sibsagar district of Assam. This paper attempts to show that the tradition of Rāma-kathā among different people and tribes of North-East is spread far and wide and that the Rāmāyaṇa culture is not confined only to the non-tribal people but also extended fully to the tribal societies there.

CS—134

संस्कृत महाकाव्य की परम्परा में आदिकवि वाल्मीकि

मधु कुमारी, भागलपुर

इस शोधपत्र में आदिकवि वाल्मीकि के व्यक्तिगत चरित्रपर, जैसे कि उनका ऋषित्व, तमसातट व चित्रकूट प्रति उनका आकर्षण, उनका नागरिक व्यवहार, कृषिकर्म लोकाचार आदिका ज्ञान, उनकी जगत् के प्रति प्रगाढ संवेदना, उनकी उदात्तता और सरलता, इनपर प्रकाश डालने की चेष्टा की गयी है।

CS—135

रूपक की भाषा संरचना

मोहन मिश्र, भागलपुर

आचार्य भरत से लेकर साहित्यदर्पणकार विश्वनाथ पर्यन्त सभी प्रमुख आलंकारिकों ने रूपक के पात्रों द्वारा प्रयुक्त होनेवाली भाषाओं पर विचार किया है। आचार्य भरत के मत में रूपक के पात्रों की भाषाएं चार प्रकार की होती हैं — अतिभाषा, आर्यभाषा, जातिभाषा एवं जात्यन्तरी भाषा। रूपकों में प्रायः आर्य भाषा की ही प्रधानता दृष्टिगत होती है। आचार्य भरत के अनुसार आर्य भाषा के दो भेद हैं — संस्कृत और प्राकृत। संस्कृत भाषा के अधिकारी वक्ता के लिए आचार्य भरत का निर्देश है कि नायक चाहे धीरोदात्त, धीरललित, धीरप्रशान्त अथवा धीरोद्धत किसी भी वर्ग का हो, उसे रूपक में संस्कृत भाषा का ही प्रयोग करना है। लेकिन परिस्थितिवश प्राकृत का भी प्रयोग कर सकता है। उदाहरणार्थ, भासप्रणीत 'पञ्चरात्र' नाटक में नायक अर्जुन द्वारा बृहन्नला के परिवर्तित वेश में, परिस्थितिवश प्राकृत का प्रयोग किया गया है।

प्रस्तुत निबंध में भाषा संरचना के आलोक में विभिन्न आचार्यों के मतों की समीक्षा प्रस्तुत करने का प्रयास किया जायगा।

CS—136

नारीमुक्ति आन्दोलन की प्रतिनिधि नायिका वसन्तसेना का सामाजिक परिशीलन

अशोक कुमार, पिरिबझार

महाकवि शूद्रक की एक मात्र रचना मृच्छकटिक संस्कृत साहित्य जगत् में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। प्रकरणकार शूद्रक ने इस प्रकरण के माध्यम से नारी समाज की जिस मुख्य समस्या को उपस्थित किया है वह है पुरुषप्रधान समाज की नारी के प्रति स्वार्थपरक उपेक्षित दृष्टि।

प्रस्तुत लघु शोधप्रबन्ध में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में नारी मुक्ति आन्दोलन की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर विचार करते हुए प्रकरणकार शूद्रक की अनुपम नायिका वसन्तसेना का सामाजिक मूल्याङ्कन करना अभीष्ट है।

CS—137

महाकवि नन्दकिशोर गोस्वामी कृत शुकदूत महाकाव्यम् – एक समीक्षा

डा. (कु.) गीता रानी शुक्ला, लखनऊ

संस्कृत दूतकाव्य परम्परा में 'शुकदूत महाकाव्य' विशेषतः उल्लेखनीय ग्रन्थ है। इस दूतकाव्य के रचयिता कृष्णभक्तिपीयूष से ओत-प्रोत गौरचरणानुरागी वृन्दावन के विद्वद्वर महाकवि श्री नन्द किशोर गोस्वामी हैं। श्रीकृष्णका राधा को एक शुक के द्वारा भेजा हुआ संदेश इस काव्य का विषय है।

उपलब्ध संस्कृत के दूतकाव्य (जैसे मेघदूत) आचार्यों द्वारा निर्दिष्ट लक्षणों के आधार पर खण्डकाव्य अथवा गीतिकाव्य के अन्तर्गत आते हैं किंतु शुकदूत एक महाकाव्य है। शुकदूत में काव्यशास्त्रियों द्वारा निर्दिष्ट महाकाव्य के प्रायः समस्त लक्षण दृष्टिगोचर होते है। जबकि अन्य सभी परवर्ती दूतकाव्यकार महाकवि कालिदास द्वारा प्रणीत मेघदूत का अनुकरण कर खण्ड-काव्य या गीतिकाव्य के रूप में अपने काव्यों की रचना करते रहे तब इस परम्परा से हटकर महाकाव्य के रूप मे शुकदूत का प्रणयन करके महाकवि नन्दकिशोर ने एक नवीन परिपाटी को जन्म दिया।

इस शोधपत्र में इस दूतमहाकाव्य की सर्गसंख्या, उसकी मधुराभक्ति, उसका भक्तिरस, श्रीचैतन्य महाप्रभूका कविपर असर, काव्यमे छन्दोयोजना आदि विषयों का परिचय कर दिया गया है।

इस प्रकार अत्र प्रयुक्त पदों की कोमलता, अर्थगाम्भीर्य, माधुर्य का निवेश, प्रसादगुण की स्निग्धता, अलंकारों का मञ्जुल सामञ्जस्य इत्यादि प्रस्तुत महाकाव्य को सर्वविध उत्कर्ष प्रदान करते हैं कैसे इसका भी संसूचन किया गया है।

CS—138

मण्डल कवि विरचित पाण्डयकुलोदय महाकाव्य :- एक विवेचन

डा. दयाशंकर शुक्ल, लखनऊ

ऐतिहासिक महाकाव्यों की परम्परा में मण्डलकविविरचित पाण्डयकुलोदय महाकाव्य एक उल्लेखनीय ग्रन्थ है।

पाण्ड्यकुलोदय महाकाव्य एक ऐसी साहित्यिक रचना है जिसमें दक्षिण भारत के पाण्ड्यवंश का क्रमबद्ध वर्णन प्रस्तुत किया गया है। इस महाकाव्य में वर्णित घटनायें अधिकांशतः ऐतिहासिक हैं। इसमें वर्णित पाण्ड्य नरेशों का सत्यापन विविध शिलालेखों एवं अभिलेखों से होता है। पाण्ड्यकुलोदय महाकाव्य ही एकमात्र ऐसा ग्रन्थ है जो पाण्ड्यवंश का इतिहास जानने हेतु समुचित सामग्री प्रस्तुत करता है। इस महाकाव्य मे प्राचीन काल से लेकर सत्रहवीं शताब्दी तक के पाण्डयवंशीय राजाओं के इतिहास का यथार्थ वर्णन उपलब्ध होता है।

विभिन्न प्रमाणों के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि मण्डलकवि पन्द्रहवी शताब्दी के अन्तिम चरण में व सोलहवी शताब्दी के प्रथम चरण में पाण्डयनृपों के दरबारी कवि रहे हैं। अतएवं अपने आश्रयदाता पाण्डयवंशीय राजाओं के अभ्युदय को प्रदर्शित करने हेतु उन्होने इस उत्कृष्ट ऐतिहासिक महाकाव्य की रचना की है।

"पाण्डयकुलोदय" ऐतिहासिक ही नहीं वरन् साहित्यक दृष्टि से भी एक महत्त्वपूर्ण महाकाव्य है। इस में काव्यशास्त्र के आचार्यो द्वारा निर्दिष्ट विशेषकर आचार्यदण्डी महाकाव्य के लक्षणों कासम्यक निर्वाह किया गया है।

भोगोलिक आधार पर भी पाण्डयकुलोदय महाकाव्य एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ सिद्ध होता है।

इस प्रकार साहित्य, इतिहास एवं संस्कृति सभी दृष्टियों से पाण्डयकुलोदय महाकाव्य संस्कृत साहित्य का एक विशिष्ट ग्रन्थ कहा जा सकता है। राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से प्रस्तुत महाकाव्य का विशेष महत्त्व है।

CS—139

काव्यशास्त्रस्यानुबन्धचतुष्टयम्

डा. रमण कुमार शर्मा, दिल्ली

मम्मटाचार्येण "काव्यज्ञशिक्षयाभ्यासः" इति स्वकीयकारिकांशं व्याकुर्वता काव्यज्ञशब्दस्यार्थः काव्यं कर्तुं विचारयितुं च ये जानन्तीति कृत्वा कविभावकयोरुभयोरपि सङ्केतः कृतः। एवं

द्वयोरपि प्रवृत्तिजनकत्वात् काव्यशास्त्रेऽपि शास्त्रत्वं सर्वथा सङ्घटत एव, यथोक्तम् — "प्रवृत्तिर्वा निवृत्तिर्वा नित्येन कृतकेन वा। पुसां येनोपदिश्येत तच्छास्त्रमिति कथ्यते।" अतो न्यायादिशास्त्रवत् काव्यशास्त्रेऽपि अधिकारिविषयसंबन्धप्रयोजनरूपमनुबन्धचतुष्टयं सर्वयोह्यमेव। परमस्मिन् प्रसङ्गे काव्यस्यानुबन्धचतुष्टयं काव्यशास्त्रस्य चानुबन्धचतुष्टयमिति विवेके काव्याचार्याणां मतयः संकुलिता दृश्यन्ते। मङ्गलाचार्योऽरोचकिनः सतृणाभ्यवहारिणश्च द्विधाऽऽलोचका भवन्तीति मनुते। वामनस्य मते त एव कवयोऽपि भवन्ति। राजशेखरस्य मत्सरिणस्तत्त्वाभिनिवेशिनश्चापि आलोचका भवन्तीति कथयति। एवमेव भामहः शास्त्रस्याध्ययनं तु सार्वजनिकं मनुते परं काव्यक्षेत्रे तु विशिष्टस्याभिजातस्यैव प्रवेशः — "गुरूपदेशादध्येतुं शास्त्रं जडधियोऽप्यलम्। काव्यं तु जायते जातु कस्यचित्प्रतिभावतः॥ एवमेव विषयक्षेत्रेऽपि काव्यस्य विषयस्तु ज्ञानमात्रमेव, यथोक्तं भामहेन — "न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला। जायते यन्न काव्याङ्गम्...॥" परं शास्त्रस्य विषयस्तु काव्यसमीक्षणमेव। प्रयोजनमधिकृत्य विश्वनाथाचार्येण यत्समाधानं कृतं यच्छास्त्रस्यापि काव्याङ्गतया काव्यफलैरेव फलवत्त्वमिति। अतो यानि फलानि काव्यस्य सन्ति तान्येव शास्त्रस्यापि भवन्तीति वादोऽपि समीचीनो नैव प्रतिभाति। शास्त्रं हि काव्यस्याप्रधानं कारणं विद्यते (प्रधानं तु प्रतिभैव), काव्यं च कीर्तिप्रीत्योः। एवमुभयोः प्रयोजने साङ्कर्यं नैव विद्यते। एतस्य सर्वस्यापि प्रपञ्चस्य समीक्षणं प्रस्तूयमानस्य शोधपत्रस्य विषय इति।

CS—140

भामहपण्डितराजयोः काव्यलक्षणे संवादः

डा. रहसविहारी द्विवेदी, जबलपुर

भामहस्य काव्यालङ्कारात् परम्परातः समुद्धृतं काव्यलक्षणं — 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यमि'ति विदितचरमेव। पण्डितराजजगन्नाथस्य रसगङ्गाधरे 'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यमि'ति च काव्यलक्षणमपि प्रसिद्धमेव। अत्र प्रश्नोऽयं समुदेति यच्चेद् भामहः 'शब्दार्थौ काव्यम्' पण्डितराजश्च 'शब्दः काव्यमि'ति स्वीकरोति तदा कथमेतयोः काव्यलक्षणे संवादः सम्भाव्यते ?

अत्रोच्यते। 'वक्राभिधेयशब्दोक्तिः' — 'सैषा सर्वत्र वक्रोक्तिः' इत्येव हि वस्तुतो भामहस्य काव्यलक्षणम्।

अथ च 'रमणीय' शब्देन पण्डितराजस्याभिप्रायान्वेषणे तु प्रयासस्यावश्यकतैव नास्ति यतो हि तेन रसगङ्गाधरे स्वमूलपङ्क्तीनां वृत्तिरपि व्यलेखि। सा चैवम् —

'रमणीयता च लोकोत्तराह्लादजनकज्ञानगोचरता'।

एवं काव्यलक्षणे भामहेन प्रयुक्ते वक्रशब्दे पण्डितराजेन च प्रयुक्ते रमणीयशब्दे न कश्चिद्विरोधः। पुनश्च काव्यलक्षणपङ्क्त्योः क्रमोऽपि सदृश एव — 'वक्राभिधेयशब्दोक्तिरिष्टा वाचामलङ्कृतिः' (भामहः), 'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यमि'ति च (पण्डितराजः)।

वक्र + अभिधेय + शब्द + उक्तिः ।
रमणीय + अर्थ + प्रतिपादकः शब्दः ।

अतः पण्डितराजभामहयोः काव्यलक्षणे महान् संवादो दृश्यते — इति वक्तुं शक्यते। इत्येवं निबन्धसंक्षेपः ।।

CS—141

भास के नाटको में श्रीकृष्णका मानवीय रूप

प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार, दिल्ली

महाकवि भास ने अपने नाटकों में अपने पात्रों को मन, वचन और कर्मसे युग का सजीव प्रतिनिधि बनाने का सार्थक प्रयास किया है। इसी प्रकार श्रीकृष्ण का चरित्र विकास के चरमोत्कर्ष पर दिखलाई पडता है। 'दूतवाक्यम्' के प्रारम्भ में श्रीकृष्ण राजदूत के रूप में परिनिष्ठित हुए हैं तथा दौत्यकर्म को बडे ही सजगरूप में तथा सफलता से पूर्ण करते हैं। श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व में शान्तिप्रियता, सौम्यता, विशिष्ट व्यक्तित्व, निर्भयता, वीरता, क्रोधसम्पन्नता, मित्रानुराग, गुरूजनों तथा सभ्यजनों के प्रति कृतज्ञता, और समाजसुधार तथा दुष्टदमन की भावना आदि मानवीय विशिष्ट गुणों का समावेश किया गया है। यद्यपि स्थान २ पर कवि ने श्रीकृष्ण की दैवी विभूतियां एवं दैवी विशेषताओं का भी चित्रण किया है, परन्तु भास की कृतियों में श्रीकृष्ण विशेषरूप से संयत, शान्त और कुशल राजनीतिज्ञ दिखाई देते हैं। नाटककार ने उनमें अपूर्व साहस, निडरता, शूरवीरता, युद्धकौशल, स्वजनरक्षण, दुष्टदमन, सौन्दर्यप्रेम आदि मानवीय उदात्त गुणों से मण्डित किया है। भास लोकप्रिय शैली में श्रीकृष्ण को मानवीय रूप में चित्रित कर उन्हें जनमानस के निकट पहुंचनेमें तथा सर्वहारावर्ग का हितचिन्तक बनाने में सफल हुए।

CS—142

JINASENA'S CONTRIBUTION TO SANSKRIT *SAMASYĀPŪRTI KĀVYA*

Kanakalata Mishra, Pune

Ācārya Jinasena, the contemporary of King Amoghavarṣa, flourished in the 9th century A. D. at Mānyakheṭa in modern Karnataka. He is famous as an epic poet, philosopher, logician, grammarian and Jain religious monk. He has composed *Ādipurāṇa*, some portion of *Mahāpurāṇa*, a commentary, *Jayadhavalā*, and *Pārśvābhyudaya* in Sanskrit. His contribution to Indian Sanskrit literature is very rich. As a poet, he is perhaps on par with Kālidāsa.

He occupies an unique place in Sanskrit literature as the founder of *Samasyā-pūrti Kāvya*. His *Pārśvābhyudaya* is an example of *Samasyāpūrti Kāvya* which is based on Kālidāsa's famous *Meghadūta*. In the present paper it is intended to judge Jinasena's merit as a *Samasyāpūrti Kavi*.

CS—143

UDĀHARAṆAS IN SANSKRIT LITERATURE

S. L. Narasinh Chary, Warangal

Udāharaṇa is a rare literary form in Sanskrit literature. This is a form which consists of a part of *praśasti-sāhityam*. This kind of literature can be found in Vedas also, The Kuntanaka sūktas or Nārāśaṁsīs of the Ṛgveda are a sort of Udāharaṇa literature. Depiction of deities, kings, queens and Mata-chryas is round described in various types in these Udāharaṇas. A description having eight cases in one kind of Talagathi containing prose and poetry is called Udāharaṇa. So many kinds of Udāharaṇas are found on the base of cases and Talagatis. Prose pices were written in eight cases containing one kind of Tala-gathi like in *Yaśastilakacampū* of Somadevasūri is also a form of Udāharaṇa. E. g. विकचकर्णोत्पलस्पर्धिततरलेक्षणाः, केलितालक्वणत्कमयकंकणाः सरसनखराजिविस्फारित-भुजमण्डलाः काञ्चिकोल्लास वक्ष दर्शितोरुस्थलाः This is in khaṇḍagati. This type of forms are found in various kinds of case in the poetry of poets like Kālidāsa and others. Prose or poetry written in eight cases can also become Udāharaṇa.

CS—144

THE CREATION SIDE OF POETRY ; AN ANALYSIS

Dr. Hari Dutt Sharma, Allahabad

Poetey in itself has two sides - one the side of creation and another the side of relish or enjoyment, one the side of poet and another the side of connoisseur. In the whole range of Sanskrit poetics the creation side has comparatively obtained less place for discussion.

So the question of the distinction between the worldly and superworldly emotion is a matter of investigation and the factor of sequence solves it. Bharata throws light on the internal emotion hidden in the heart of the poet and Abhinava commenting on it establishes that the seed of Bhāva is first born in the heart of the poet and thus Bhāva is created and relished simultaneously by the poet

himself. So an impersonalised and universalised emotion primarily born in the inner heart of the poet is the seed of the process of poetic creation. One more question related with subject-matter is 'What is the root-cause of poetry? What is the inherent power in the poet?' Several oriental and occidental critics have expressed their views on it. A majority of Sanskrit poeticians even after dividing this cause-factor into three categories, have singled out one prime force — Pratibhā or Shakti as par excellence. Western critics like Coleridge, Kant, Croce, etc. have admitted the existence of this poetic power on similar lines.

It is shown here that poetic creation is an expansion of the individuality of the self to a wider and widest range of universalism. Poetry is the transplantation of experience into expression, of the perception into description, which is beautiful and blissful. So the theory of poetic creation is well-contemplated on psychological and philosophical, artistic and aesthetic background in Sanskrit literary criticism.

CS—145

वृत्तयो नाट्यमातरः

डा. मतिकान्त पाठक, भागलपुर

नाटके वृत्तिमातृकमिति विचारितं नाट्यशास्त्रविद्भिः। वृत्तिप्रयोगो नाट्यशास्त्रकारेणाचार्यपादेन भरतेन विशिष्टार्थे कृतः। अत्र वृत्तेः सामान्यार्थस्य विस्तारः सीमितः। अवस्थानां भावानुकीर्तनस्य वृत्तौ प्रणालीप्रकर्षोऽनुभूयते।

राजशेखरकृतकाव्यमीमांसायां विलासविन्यासक्रमो वृत्तिरित्युदीरितम्। हरिदाससिद्धान्तवागीशमहोदयैः प्रतिपादितं कारणत्वं रसस्य वर्तमानतायाः वृत्तेर्व्युत्पत्तिलभ्यार्थे। वृत्तिः स्वनाट्यशास्त्रीयायां भूमिकायां समस्तनाट्यगुणकलापस्याधायिकेति निश्चप्रचम्।

कालान्तरे वृत्तयः रसभावादिकैरन्विताः जाताः। वृत्तीनां सृष्टिविषये भावप्रकाशने शारदातनयेन सर्वथा भिन्ना कथा प्रस्तुता। एवं वृत्तीनां स्रोतो विचारवैशद्यमपेक्षते। न केवलं नाटकानामपितु काव्यानामपि मातृकाः वृत्तयः इति प्रतिपादयन्नाह मुनिप्रवरो भरतः —

सर्वेषामेव काव्यानां वृत्तयो मातृकाः स्मृताः। ना. शा. — २७. ९

वृत्तिस्वरुपवृत्यङ्गानि, वृत्तीनां पारस्परिकोऽन्तर्भावः, तल्लोकधर्मिता नाट्यधर्मिता च, वृत्तीनां मध्यशक्यता, रस-वृत्ति-संबन्धा, वृत्तीनां काव्यनाट्यशास्त्रीयपरिप्रेक्ष्ययोस्तुलनात्मकाध्ययनादिविषयाश्चात्र विविधैः प्रकारैः समालोचिताः।

CS—146

संस्कृत के काव्यशास्त्रीय ग्रंथों में नाट्य-विमर्श : एक सामाजार्थिक अध्ययन

रविभूषण, भागलपुर

भरत मुनि के बाद नाटयशास्त्रीय ग्रन्थों की तुलना में काव्यशास्त्रीय ग्रंथों की रचना विपुल मात्रा में हुई। संस्कृत काव्यशास्त्र का आरंभ श्रव्य-काव्य की तुलना में दृश्यकाव्य को सर्वोपरि स्थान देने से हुआ, पर कालान्तर में काव्यशास्त्रियों ने अपने चिन्तन का केन्द्रीय विषय कविता को ही बनाया। भरत मुनि के बाद नाट्यशास्त्रीय ग्रंथों की रचना भी अल्प मात्रा में हुई। काव्यशास्त्रीय ग्रंथों में नाम मात्र को नाटय-विमर्श किया गय। विश्वनाथ ने जिस प्रकार 'साहित्य-दर्पण' में नाटय पर विचार किया, वह उनके पूर्ववर्त्ती और परवर्त्ती आचार्यो में दिखाई नहीं पडता।

यद्यपि संस्कृत साहित्य में नाटक को प्रधानतः काव्य ही माना गया, पर काव्याचार्यो ने श्रव्य-काव्य की जगह दृश्य-काव्य पर विचार करना विशेष आवश्यक नहीं समझा। संस्कृत काव्यशास्त्र में नाटक की यह उपेक्षा अकारण और अकस्मात् है या इसके पीछे उस युग के अपने सामाजार्थिक कारण हैं।

प्रस्तुत अध्ययन में सामाजार्थिक कारणों से उत्पन्न काव्यशास्त्रीय ग्रंथों में नाट्य-विमर्श के अभावों की खोज और नाटयशास्त्रीय ग्रंथों की तुलना में उनके नाट्य-विवेचनादि पर विचार किया गया है।

CS—147

THE ROLE OF *DŪTI* IN SANSKRIT LITERATURE

Sri. Padmanabha Panda, Pune

Besides the hero and heroine in a drama, there are some charaters who play a key role in bringing about their union (or reunion), and thereby give a momentum to the dramatic success. Among these characters, the role played by a *dūtī* (she-messenger) cannot be under estimated or overlooked. An humble attempt has been made in the present paper regarding her origin and development of the role and significance of *dūtī.*

CS—148

एको रसः करुण एव : मीमांसा

सुमन कुमार शाही, मुजफ्फरपुर

उत्तररामचरित में पठित 'एको रसः ...' श्लोक के आधार पर समीक्षक-वर्ग ने ऐसा अनुमान किया है कि भवभूति साहित्यशास्त्र में एकमात्र "करुण" को ही रस स्वीकार करते हैं तथा शेष रसों को उसका (करुण का) ही विकास।

मेरी दृष्टि में भवभूति को ऐसा अभिप्रेत नहीं था। उनकी "एको रसः करुण एव" की उक्ति का तात्पर्य था — अपने नाटक "उत्तररामचरित" में करुण रस का साम्राज्य दिखलाना। नाटक के अनुशीलन से स्पष्ट प्रतीत होता है कि वहाँ सर्वत्र "करुण" का प्रभाव है। लव और कुश के युद्ध के समय जो वीर रस की निष्पत्ति होती है। उसके मूल में भी "करुण" ही है। "उत्तररामचरित" के निम्नांकित श्लोक से भवभूति ने अपने "एको रसः करूण एव" के सिद्धान्त को प्रमाणित कर दिखाया है —

तटस्थं नैराश्यादपि च कलुषं विप्रियवशाद्
वियोगे दीर्घेऽस्मिन् झटिति घटनात्स्तम्भितमिव।
प्रसन्नं सौजन्याद्दयितकरुणैर्गाढकरुणं –
द्रवीभूतं प्रेम्णा तव हृदयमस्मिन् क्षण इव॥

प्रस्तुत शोध-निबन्ध में भवभूति के "उत्तररामचरित" के परिप्रेक्ष्य में "एको करुण एव" सिद्धान्त की मीमांसा की जाएगी।

CS—149

'राघवपाण्डवीयम्' के रचयिता कविराज और उनका स्थितिकाल

श्री इन्दु भूषण मिश्र, भागलपुर

"राघवपाण्डवीयम्" महाकाव्य के रचयिता कविराज पंडित 'माधवभट्ट' का स्थितिकाल पूर्णतया स्पष्ट नहीं है। पंडित बलदेव उपाध्याय जहाँ इनका स्थितिकाल बारहवीं शताब्दी का उत्तरार्ध स्वीकारते हैं वहीं डॉ. केशवराव मुसलगाँवकर दसवीं शताब्दी का उत्तरार्ध।

यों कुछ विद्वान् महाकवी कविराज पंडित का सम्बन्ध सेनवंशीय राजा लक्ष्मणसेन से भी जोडते हैं जिस आधार पर इनका स्थितिकाल बारहवीं शताब्दी का पूर्वार्ध ठहरता है। परन्तु महाकवी कविराज ने स्वयं अपने किसी भी ग्रंथ में लक्ष्मण सेन की चर्चा नहीं की है (अपितु उनके द्वारा कादम्बवंशीय परम प्रतापी राजा कामदेव का उल्लेख हुआ है। ये इन्हीं के दरबारी पंडित थे।) इसलिए इनका स्थितिकाल सेनवंशीय राजा लक्ष्मण सेन के शासनकाल के आधार पर परिगणित करना पूर्णतया भ्रामक एवं निराधार है।

मैने प्रस्तुत शोधनिबंध में इस सम्बन्ध में काफी गंभीरता से यथासंभव विचार करने का प्रयास किया है और जो कुछ भी मेरी शोध-दृष्टि इस परिप्रेक्ष्य में सही और तर्क संगत नवीन तथ्य ढूँढ पायी है, उसी का सारस्वत प्रतिफलन के रूप में यह निबंध प्रस्तुत है।

CS—150

राजशेखर के पुरुषपात्र

देवेन्द्रनाथ झा, माणिकपुर

पात्र शब्द का अर्थ होता है बर्तन, जिस पर स्थापित कर वस्तु प्रदान की जाती है। उसी प्रकार नाट्य वस्तु को पात्र का आधार लेकर प्रस्तुत किया जाता है। नाट्य मुख्यतः 'रस' होता है, जिसे अभिनय के माध्यम से पात्र प्रस्तुत करता है। इस शोधपत्र में विद्धशालभञ्जिका में जो पुरुषपात्र हैं, जैसे नायक विद्याधरमल्ल, खलनायक रावण, विदुषक चारायण, सेनापति इत्यादि, उनके स्वभावविशेषों और कार्यो का परिचय कर दिया गया है।

CS—151

राजशेखर की रचनाओं में वर्णित उत्कृष्ट नारियाँ

रत्नप्रभा झा, माणिकपुर

दशम शतक की रचनाओं में स्त्रियों के दो पहलू नजर आते हैं। या तो वह उपभोग की वस्तु बन गयी थीं, या समाज में उनकी हीन स्थिति थी। परन्तु इस काल के प्रसिद्ध कवि राजशेखर की रचनाओं के अध्ययन से यह सिद्ध होता है कि स्त्रियां मुख्यतः पुरुषों द्वारा उपभोग्य थी अथवा पुरुषों की नजरों में आहता थी। इसका मुख्य कारण था दक्षिण भारत का विदेशियों के आक्रमण से मुक्त होना। राजशेखर इन नारियों को सम्मानित करते हुए उनके प्रेम की प्रशंसा करते हैं। स्त्रियों का अनुराग नैसर्गिक होता हैं वह चाहे सम्राट की पत्नी हो अथवा सामान्य जन की। उसके प्रेम में स्थायित्व होता हैं।

राजशेखर की मृगाङ्कवती, कर्पूरमञ्जरी और सीता इन आदर्श नायिकाओं का अध्ययन मैंने इस दृष्टिसे यहाँ प्रस्तुत किया है।

CS—152

CONTRIBUTION OF THE POET KARṆAPŪRA TO SANSKRIT POETICS

Maya Chattopadhyay, Bardhaman

Paramānandadāsa Sena Kavi Karṇapūra was a well known Vaiṣṇava of Bengal and wrote several Sanskrit Vaiṣṇava works. He is the author of

Alaṃkāra-Kaustubha, a regular work on Sanskrit poetics. Alaṃkāra-Kaustubha consists of ten *kiraṇas.* The work is very comprehensive in nature. It deals with all the important topics of Sanskrit poetics except dramaturgy. It is thus a more comprehensive work than Rūpa Gosvāmin's.

Karṇapūra accepted Kāvyaprakāśa as the model for his Kaustubha. He has made some notable contributions to the field of Sanskrit poetics. His interpretation of *Uttamottama Kāvya* is grounded on the very nature of suggested sense. His concept of *Prema-Rasa* as the basis and pre-condition of all sorts of *rasa*-realisation is a singular achievement and this asserts his devout faith in Vaiṣṇava Philosophy. He has transformed all the well known stanzas illustrating Dhvani in terms of Vaiṣṇava religion and culture and this again asserts his position as a Vaiṣṇava philosopher. He has mastery over all traditional branches of Indian philosophy and this is why he has critically evaluated Kāvyaprakāśa's stand on many well known issues including *gaur vāhīkaḥ.* He has infact re-written a text on Sanskrit Alaṃkāra pulling out everything illogical and unpalatable in the Alaṃkāra Classic of Mammaṭa.

The humble aim of this paper is to discuss some aspects of Karṇapūra's contribution to Sanskrit poetics.

CS—153

CĀṬUKTI KĀVYAS IN SANSKRIT LITERATURE

Dr. Mrs. M. Vijayashri, Hyderabad

We find many works of unknown authors in Sanskrit literature such as Subhāṣitas, Cāṭukti Kāvyas occupied a significant place in this regard. The word cāṭu, used by many scholars like Kālidāsa, Bhartṛhari and others, means pleasing or agreeable. The life of the cāṭus lies in *camatkāra.* A *cāṭupaṭu* is a jester who is skilful in using flattering or coaxing language.

CS—154

शिंगभूपाल की नाट्यशास्त्र को देन

डा. (श्रीमती) अरुणा शर्मा, कुरुक्षेत्र

चौदहवीं शताब्दी में रेचल्लवंशीय नरेश शिंगभूपाल ने रसार्णवसुधाकर नामक ग्रन्थ की रचना की। इस ग्रन्थ में नाट्यशास्त्र विषयक तत्त्वों – नेता, रस तथा वस्तु – के सम्बन्ध में विचार किया गया है।

नाट्यशास्त्रीय नायक-नायिकाओं के भेदोपभेद, उद्दीपनविभाव, रीतिनिरूपण, वस्तु-विवेचन, चूलिका आदि विषयों के बारेमें शिंगभूपाल की कोई मौलिक धारणा है। इन सब मौलिकताओं के अतिरिक्त शिंगभूपाल ने अन्य आचार्यों – भोज, धनंजय, शार्ङ्गदेव, विद्याधर आदि – की मान्यताओं का भी यत्र-तत्र युक्तियुक्त निरसन करते हुए अपने मत का प्रतिपादन किया है।

इस प्रकार शिंगभूपाल का यह ग्रन्थ नाट्यसम्बन्धी विकीर्ण ग्रन्थों को तो एकत्रित करता ही है, अन्य आचार्यों द्वारा परित्यक्त अथवा अल्पव्यक्त विषयों का भी उपादान करता है। प्रस्तुत शोधनिबन्ध में शिंगभूपाल की इसी देन का विवेचन किया है।

CS—155

VILOMAKĀVYAS IN SANSKRIT LITERATURE

Kshitiswar Dash, Balasore

The Sanskrit grammarians are proverbial for their straining after brevity. They delight as much in the saving or economy of even a short vowel (*mātrālāghava*) as in the birth of a son (*putralābhaḥ*). It cannot perhaps be rightly opined that such a love of brevity of expression was the motive for the production of the Vilomakāvyas. The love of śleṣa led in course of time to the composition of Viloma poems.

Vilomakāvyas are the verses which read in the proper order, give one story but when read in the reverse order give another story. They are also known as *gata-pratyāgata-kāvyas* or *pratilomakāvyas*. The examples of Vilomakāvyas are very few. These are Nala-Hariścandrīyam, Yādava–Rāghavīyam, Rasikarañjanam, Rāghava.Pāṇḍavīyam, Rāmakṛṣṇavilomakāvyam. The present paper will deal with the origin and development of Vilomakāvyas and their authors.

CS—156

कालिदास की नाट्यकला पर भरत के नाट्यशास्त्र का प्रभाव

डा. सुरेन्द्रनाथ दीक्षित, मुजफ्फरपुर

यह अध्ययन और अनुसंधान का अत्यंत रोचक एवं मौलिक विषय है। प्रथम तो इस शीर्षक के अन्तर्गत नाट्यशास्त्रकार भरत और नाट्यकार कालिदास दोनों के रचनाकाल तथा एक दूसरे की पूर्वानुवर्तिता पर विवेचन करते हुए नाट्यशास्त्रकार भरत की पूर्वानुवर्तिता को प्रतिपादित एवं प्रमाणित करता है। द्वितीय — कालिदास के तीनों नाटकों में प्राप्त सामग्री की समीक्षा करनी

है, इस दृष्टि से जिन नाट्य तत्त्वों का भरत ने अपने नाट्यशास्त्र में उपबृंहण किया है उदाहरण रूपमें वस्तु, पात्र, रस तथा रंगप्रयोग आदि, उनके आलोक में कालिदास ने अपने नाटकों के वस्तुविधान, शील संविधान, रसानुभूति तथा रंगप्रयोग आदि का किस प्रकार उपयोग किया है ? क्या इन तत्त्वों के तुलनात्मक अध्ययन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि कालिदास जैसे प्रथित नाट्यकार ने भरत के महत्त्वपूर्ण नाट्यचिंतन का उपयोग पूरी क्षमता और प्रभावशालिता के साथ किया है। नाट्यशास्त्र ने भारतीय नाट्यकला का संतुलित और समन्वित रूप प्रस्तुत किया है, कालिदास अपने तीनों नाटकों में उस चिंतन को पहले पहल व्यावहारिक रूप दिया है। क्योंकि कालिदास ने समानरूप से वस्तु तत्त्व, चरित्र तत्त्व, रसतत्त्व, गीततत्त्व और रंगप्रयोग को समान महत्त्व दिया है।

कालिदास के नाटकों का अध्ययन इस प्रभाव के आलोक में गहराई से होना चाहिए।

CS—157

गुजराती शैली में चित्रित 'यशोधर-चरित' की अचर्चित पाण्डुलिपियाँ

श्रीमती कमला गर्ग, जयपुर

प्राप्त प्रमाणों के आधार पर 'गुजराती' चित्रशैली के आरंभिक लक्षण ऐलोरा भित्ति-चित्रों में प्रस्फुटित हुए। उसके पश्चात् यह चित्रशैली लगभग १२ वीं शताब्दी में ताडपत्रीय पाण्डुलिपियों में कदम रखती हुई शनैः शनैः पट्टकों, पटलियों एवं बहुसंख्यक कागदीय पाण्डु-लिपियों को निजी कलेवर से सुसज्जित करती रही।

'यशोधर-चरित' नामांकित कतिपय पाण्डुलिपियाँ डा. सरयू दोशी के लेख द्वारा जैन कला एवं स्थापत्य कला, खण्ड ३, सन् १९७५ में प्रकाशित हुई परन्तु गुजराती शैली में ही चित्रित 'यशोधर-चरित' की अन्य दो अचर्चित पाण्डुलिपियाँ लुप्त होती हुई संस्कृति की धरोहर-स्वरूप मूक बैठी हैं; जिनमें से प्रथम-भट्टारक श्री सकलकीर्ति द्वारा रचित १५९० ई. में संस्कृत भाषा में लिपिबद्ध पूर्व में मौजमाबाद (राज.) के श्री दिगम्बर जैन मन्दिर में स्थित थी परन्तु अब विलुप्त प्रायः है। इसके ८७ पत्रों में से १८ पत्रों के दोनों ओर तथा ३६ पत्रों के एक ओर चित्रांकन उत्तरवर्ती गुजराती शैल में हुआ है। द्वितीय — भट्टारक श्री सकलकीर्ति द्वारा रचित १६१३ ई. में संस्कृत भाषा में लिपिबद्ध नागौर (राज.) के श्री दिगम्बर जैन बीसपंथी पंचायती मन्दिर में जीर्णावस्था में स्थित है। चित्रों की दृष्टि से अनुपम इस पाण्डुलिपि के सकल ७६ पत्रों के दोनों ओर विविध आकारमय चित्र हैं।

'यशोधर-चरित' की इन अचर्चित पाण्डुलिपियों के चित्र गुजराती शैली की उत्तरवर्ती शृंखलात्मक परिणति प्रस्तुत करने में पूर्णरूपेण सहायक सिद्ध होते हैं। इन दो पाण्डुलिपियों का विस्तृत विवेचन इस शोधपत्र में किया गया है।

CS—158

आचार्य राजशेखर और कौलमत

डा. राम दयाल सिंग, मुजफ्फरपुर

आचार्य-राजशेखर द्वारा विरचित 'कर्पूरमञ्जरी सट्टक' में कौलामतानुयायी भैरवानन्द का चरित्रचित्रण साङ्गोपाङ्ग रूप से किया गया है।

यह भैरवानन्द दिव्यजीवन की छाया से अवगुंठित विलास भावना को धार्मिक और आध्यात्मिक रूप प्रदान करता हुआ लोगोंको अपनी ओर आकृष्ट करने का प्रयास करता है। भैरवानन्द अपनी अद्भुत सिद्धियों की चर्चा भी करता है और राजा के आग्रह पर विदर्भदेश से सद्यःस्नाता कर्पूरमञ्जरी को राजा के सामने उपस्थित कर देता है। इससे स्पष्ट है कि राजशेखर के समय समाज में भोगसे योग की बातें बताकर ऐहलौकिक विलास की भावना पर आध्यात्मिकता का पर्दा डालने का प्रयास हो रहा था।

कर्पूरमञ्जरी में यह वर्णन जिस रूप में उपस्थित किया गया है, वह तत्कालीन समाज को समझने लिए बडा ही महत्त्वपूर्ण है।

CS—159

श्रीवत्सलाञ्छनभट्टाचार्यकृत काव्यामृत में उपमालङ्कार

कुमारी नीरू रानी, वनस्थली

बंगप्रदेश के निवासी श्रीवत्सलाञ्छन भट्टाचार्य १६ वीं शती के एक अनतिज्ञात काव्य-शास्त्री है। काव्यप्रकाश की सारबोधिनी नामक टीका, काव्यपरीक्षा एवं काव्यामृत उनकी काव्यशास्त्रीय प्रतिभा और विद्वत्ता को प्रकाशित करने वाले ग्रन्थ हैं।

उपमालङ्कार को अत्यन्त व्यापक रूप में स्वीकार करते हुए श्रीवत्सलाञ्छन भट्टाचार्य इसमें मम्मट प्रभृति आचार्यों द्वारा मान्य अनन्वय, उपमेयोपमा, उत्प्रेक्षा, सन्देह आदि सत्तरह अन्य अलङ्कारों का भी अन्तर्भाव कर देते हैं। भट्टाचार्य का मत है कि इन अलङ्कारों में वाच्यरूप में तो उत्प्रेक्षा, रूपकादि की प्रतीति होती है। किन्तु व्यंग्य रूप में उपमा की ही प्रतीति होने से उसी को अलङ्कार मानना उपयुक्त है।

वाच्य की अपेक्षा व्यंग्य अधिक चमत्कारपूर्ण होता है, अतः वाच्य रूप में प्राप्त उत्प्रेक्षादि अलङ्कारों के साथ व्यंग्य रूप में प्राप्त उपमालङ्कार की श्रेष्ठता ही श्रीवत्सलाञ्छन भट्टाचार्य को मान्य है। काव्यामृत में इसी व्यंग्योपमा को काव्य का सारभूत तत्त्व कहा गया है।

प्रस्तुत शोधपत्र में उपमालङ्कार विषयक उपर्युक्त विचारों का ही विवेचन-समीक्षण किया गया है।

CS—160

स्थायिभावेषु रतेरसाधारणत्वं तद्विशेषास्तन्मूलकरसाश्च

डा॰ चन्द्रकिशोर गोस्वामी, वनस्थली

भारतीयसाहित्यशास्त्रे भरताचार्येण प्रतिपादितानामष्टस्थायिभावानामौचित्यं युक्त्या समुपपादयद्भिरभिनवगुप्तपादाचार्यैर्नवमं स्थायिभावं शममपि प्रमाणीकृत्य भावानां रसानां च संख्या नवत्वं नीता। चिरन्तनैरालङ्कारिकैः स्थायिभावस्य रतेरपि वैलक्षण्यं सुष्ठु विचारितम्। एकतस्तैः रतेरसाधारणत्वं भावानां मूलत्वात्, सर्वाभीप्सितत्वात्, सर्वरंजकत्वात्, सर्वाधिकचमत्कारकारित्वाद् व्युत्पादितं परतश्च रतेर्विशेषेषु स्वरूपभेदोऽप्यङ्गीकृतः। तस्याः प्रीतिश्च रतिश्चेति द्वैविध्यं प्रतिपाद्य प्रीतेरन्तर्भावं भावध्वनौ विधाय कान्ताकान्तविषयिणी रतिरेव शृङ्गाररसयोग्या स्वीकृता। अनन्तरन्तु साहित्य-शास्त्रिभिरनेकैः रतेर्नानारूपाणि निरूपितानि, यथा पित्रोः पुत्ररतिः, (इत्यादयः) प्रमोदरूपा अपि सर्वा रतयः स्वरूपेण भिन्ना एव सन्ति। आसामनेका रतयस्तु सर्वथा रसत्वमाप्तुमर्हन्ति। कैश्चित् साहित्य-शास्त्रज्ञैस्तु रतीनामेतासां पुष्टिंगता रसा अपि नामतः प्रदर्शिताः, यथा — शृङ्गाररसः, सख्यरसः, वात्सल्यरसः, भक्तिरसश्चेतिप्रभृतयः। शोधपत्रेऽस्मिन् रतिभेदानां रतिमूलकरसानां च साहित्य-शास्त्रदिशा सम्यग्विवेचनं विनिर्धारणञ्च कर्तुं यत्नो विधीयते।

CS—161

श्रीभगवद्भक्तिरसायने रसप्रतिपादनम्

अनन्त नागेन्द्र भट्ट, मैसूर

श्रीभगवद्भक्तिरसायनस्य ग्रन्थस्य कर्ता श्रीमधुसूदनसरस्वती-इत्याख्यः खिस्तशकषोडशशताब्दस्य अन्तिमे पादे अथवा सप्तदशतशताब्दस्य प्रथमपादे आसीदिति विदुषामभिप्रायः। सुललितशैल्या रचितः अयं ग्रन्थः अलङ्कारशास्त्रे प्रसिद्धः। कारिकारूपेण विषयं प्रतिपाद्य तस्य व्याख्यानमपि स्वयमेव कृतवान्। स्वस्य अभिप्रायं समर्थयितुं भगवद्गीताभागवतोपनिषदादि ग्रन्थेभ्यः अनेकानि वाक्यानि उद्धृत्य निर्मितवान्।

महान् वेदान्ती मधुसूदनसरस्वती उपनिषत्प्रामाण्यं अङ्गीकृत्य स्वग्रन्थे रसः, रसास्वादः इत्यादीन् विषयान् उपनिषद्वाक्यानुसारेण प्रतिपादयांबभूव।

मधुसूदनः रसेषु भक्तेरेव प्रामुख्यम् इति प्रतिपादयांचकार। रसं केवलसंकीर्णः, संकीर्णमिश्रितः, केवलमिश्रितः तथा शुद्धः इति चतुर्धा विभज्य तस्मिन्नेव शृङ्गारादि नवरसान् अन्तर्भावयामास। तस्य रसप्रतिपादनं अन्यादृशमेव।

CS—162

योषिदलङ्कार और कालिदास की नायिकाएँ

डा. चन्द्रकान्त शुक्ल, रांची

आचार्य भरत से लेकर बाद के प्रायः सभी प्रमुख नाट्यशास्त्रियों ने नायिकाओं के बीस अलङ्कारों को योषिदलङ्कार के रूप में वर्णित किया है। इनमें हाव, भाव और हेला शरीरज अलङ्कार हैं, शोभा आदि सात अयत्नज अलङ्कार है तथा लीला, विलास आदि दस स्वाभाविक अलङ्कार हैं।

कालिदास के रूपक यद्यपि शृङ्गाररसप्रधान ही हैं और उनमें नायिकाओं की प्रधानता भी है, फिर भी इन रूपकों में नायिकाओं के लिए नाट्यशास्त्रियों द्वारा निर्धारित सभी अलंकारों की प्राप्ति नही होती है। तुलनात्मक दृष्टि से मालविकाग्निमित्र की मालविका तथा विक्रमोर्वशीय की उर्वशी की अपेक्षा अभिज्ञानशाकुन्तल में योषिदलङ्कारों की दृष्टि से शकुन्तला में इन अलंकारों का सुन्दर संयोजन हुआ है। प्रस्तुत शोध-निबन्ध में योषिदलङ्कार के आधार पर कालिदास की तीनो ही नायिकाओं का अध्ययन किया गया है।

CS—163

नायक के सात्त्विक गुण और कालिदास के रूपकों के नायक

श्रीमती मीना शुक्ल, रांची

नाट्यशास्त्रीय ग्रन्थों में नायकों के आठ सात्त्विक गुणों का उल्लेख प्राप्त होता है। नाट्यशास्त्रियों ने इन गुणों को उद्दिष्ट करते हुए तथा उन्हें परिभाषित करते हुए नायको की शूर-वीरता को महत्त्व प्रदान किया है। कालिदास के रूपको के नायक यद्यपि शृङ्गारी नायक हैं, फिर भी इन आठ सात्त्विक गुणों में से ऐसे अनेक गुण हैं जो कालिदास के नायकों में प्राप्त होते हैं। इन गुणों में से कुछ ऐसे भी गुण हैं जिनका सर्वथा अभाव कालिदास के नायकों में प्राप्त होता है और कुछ ऐसे भी गुण हैं जिनके आधार पर कालिदास के नायक उन गुणों के विरोधी ठहरते है। कालिदास के सभी नायक अधिकांश स्थल पर गाम्भीर्य से रहित ही दीख पडते हैं। प्रस्तुत शोध-पत्र में इन्हीं आठ सात्त्विक गुणों के आधार पर कालिदास के नायकों का परीक्षण किया गया है।

CS—164

प्रतिज्ञायौगन्धरायण एवं मुद्राराक्षस : एक नाट्यशास्त्रीय समीक्षण

डा. उमेश पाण्डेय, धनबाद

संस्कृत नाट्य-साहित्य की समृद्ध परम्परा में विशाखदत्त के मुद्राराक्षस का विशिष्ट महत्त्व है। कारण यह है कि संस्कृत रूपकों के लिए जो सुविचारित मानदण्ड स्थापित है, उनका अनुसरण करने वाले नाटकों में एकरसता, रूढ़िबद्धता, प्रणालीबद्धता आदि के दर्शन स्वाभाविक

रूप से हो जाते है, और मुद्राराक्षस इनसे सर्वथा अलग-थलग प्रतीत होता है। लेकिन यदि नाट्य-साहित्य के अतीत पर हम दृष्टिपात करें तो यह स्पष्ट होगा कि विशाखदत्त को जिन तथाकथित नई मान्यताओं की स्थापना का श्रेय विद्वानों में दे रखा है, उसके बीज को संस्कृत नाट्य-जगत् के वाल्मीकि महाकविभास ने अपने प्रतिज्ञायौगन्धरायण में वर्णित किये थे।

प्रतिज्ञा में भास ने उदयन के जीवन चरित से सम्बध अंशतः प्रख्यात कथावस्तु को सफल नाटकीय-संवेग प्रदान किया है। विशाखदत्त का मुद्राराक्षस राजा चन्द्रगुप्त के अभाव को सहन करने में सर्वथा असमर्थ है। वस्तुतः भास ने प्रथमतः नाट्यविद्या में इस नये प्रयोग की स्थापना की है। बावजुद इसके नाटकीय गत्यात्मकता की विशेषता यह है कि दर्शकों को उदयन का अभाव नही खटकता। नायकत्व का भार परम्परागत राजा की जगह सचिव यौगन्धरायण पर है तथा नायिका कोई मूर्त पात्रा नही अपितु उसकी प्रज्ञा है। ये सौ नये प्रयोग प्रतिज्ञायोगन्धरायण को नाट्य-साहित्य में विशिष्टतम स्थान के अधिकारी बना देते है और मुद्राराक्षस पर इसका सीधा प्रभाव भी परिलक्षित होता है।

पुनः रसतत्त्व की दृष्टि से भी भास का प्रयोग विलक्षण है। मुद्राराक्षस के वीररस में जिन विशेषताओं को हम पाते है उनके आदिम चरण-चिह्न हमें प्रतिज्ञा नाटक में प्राप्त हो जाते हैं।

प्रस्तुत शोध-पत्र में प्रतिज्ञा तथा मुद्राराक्षस की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए उक्त तथ्य को पुष्ट करने का प्रयास किया जायेगा।

CS—165

वीरभद्रदेवस्य कर्तृत्वम्

डा. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी, इन्दौर

अस्ति भारतस्योत्तरक्षेत्रे व्याघ्रपाद् (वघेल) वंशीयानां भूमिः वघेलखण्ड इति व्यपदेशवती। शासकाश्च रेवां बान्धवगढं वा स्वराजधानीमुपकल्पितवन्तः। तत्र राज्ञां वंशे समजनि वीरभद्रदेवः १५५४ ख्रिस्ताब्दे। विदुषाऽनेन कामशास्त्रेषु वात्स्यायनीयं सूत्रमुपलक्ष्य आर्यावृत्तेनारचि कन्दर्पचूडामणिरिति ग्रन्थरत्नम्। वीरभद्रकालीनः कविः विद्वान् पद्मनाभमिश्र आसीत्। यद्विनिर्मितेषु ग्रन्थेषु नृपस्यास्य विपुलं विवरणं प्राप्नोति। संस्कृतकविषु वीरभद्रदेवस्य स्थानं निश्चायितुं पद्मनाभस्य भूयिष्ठाः कृतयः सर्वथाऽध्येतव्याः। तेन नृपममुं संलक्ष्य 'वीरभद्रचम्पूः' इति प्रणिनाय ग्रन्थरत्नम्। अकब्वरीकालिदासेन सममपि परिचितः वीरभद्रः अकब्बरसभायामासीत्।

CS—166

संस्कृत रूपकों में 'त्रासदी'

कमलेश गर्ग, दिल्ली

'त्रासदी' और 'कामदी' का विभाजन एक पाश्चात्य विधा है। प्राचीन काल में ज्ञान के प्रचार और प्रसार साधन सीमित होने के कारण ज्ञान देश और सागरों की सीमा रेखा

से बंधा था। आधुनिक काल में ज्ञान प्रचार और प्रसार के साधनों में उन्नति होने पर पाश्चात्य विद्वानों में संस्कृत रूपकों में त्रासदी के अभाव को देखकर संस्कृत रूपकों की कटु आलोचना की। इस आलोचना से संत्रस्त प्राच्य विद्वानों ने भी भारतीय दर्शन, जनजीवन तथा आचार व्यवहार में इस अभाव के कारण खोजने प्रारम्भ किये।

भारतीय नाट्य परम्परा में केवल प्रख्यात नायक की रंगमंच पर मृत्यु दिखाना वर्जित है, यह नियम भी संभवतः भरत ने भास के पंचरात्र को दृष्टिगत कर बनाया होगा। पंचरात्र में तो केवल दुर्योधन पाण्डवों को बिना युद्ध के आधा राज्य दे देता है, कहीं आगामी रूपकों में लेखक पाण्डवों की कौरवों के हाथों हत्या ही न करवा दे। अतः इतिहास पर आधारित रूपकों के सम्बन्ध में ही भरत का यह आदेश हैं। भारत में ऊरुभंग, कर्णभार, मुद्राराक्षस, वेणीसंहार, चण्डकौशिक जैसे कुछ दुःखान्त नाटकों की रचना भी हुई है। लेकिन श्रेष्ठ कवि की रचना न सुखान्त है, न दुःखान्त, वह सार्वभौम, सार्वकालिक जीवन की कथा में एक अर्ध-विराम लगती है, पूर्ण विराम नहीं। मानव जीवन में अन्त जैसा भी हो सकता है, सुखद भी, दुःखद भी। कभी मन को वहीं अन्त सुखद प्रतीत होता है, कभी दुःखद।

CS—167

पाराशर स्मृति

कमला वाजपेयी, इटावा

कलियुग में स्वर्ग तथा मोक्षदायी आचरण एवं कर्तव्य बोध हेतु पाराशर स्मृति की रचना की गई थी। यद्यपि यह चारों वर्णो के करणीयाकरणीय कर्तव्यों पर प्रकाश डालती है किन्तु इस में ब्राह्मण आचरण पर विशेष ध्यान रखा गया है। उस काल की सामाजिक स्थिति सुदृढ थी, दान दक्षिणा, यज्ञ, तीर्थयात्रा, रथाश्व वाहन, ऊनी, सूती तथा रेशमी वस्त्र, ताम्बूल, सुवर्ण, रजत, कांसा, ताम्र, मणिपात्र, गजदन्त आदि का प्रयोग होता था जो सम्पन्न समाज और काल का द्योतक है।

मानवाचरण को इस में प्रधानता दी गई है पशु-पक्षियों के प्रति दया, उदारता और अहिंसा भाव प्रकट किया गया है। पतिव्रता स्त्री की प्रशंसा की गई है। पापाचारी की पुनः शुचिता हेतु अनेकानेक प्रायश्चित्तों का विधान है तथा गायत्री मंत्र को श्रेष्ठतम स्वीकार किया गया है। राजनैतिक स्थिति पर स्मृति मौन है। वर्तमान परिप्रेक्ष में देखने पर प्रतित होता है कि पराशर स्मृति के सिद्धान्त समाज से बाहर हो गये हैं। आज ये नियम केवल साहित्य का धरोहर मात्र ही हैं।

CS—168

VĀMANA THE TRINITARIAN

Shri Jimutavahana Bhattacharya, Birbhum

In this paper some modest attempt has been made to draw due notice to the numeral three as applied by Vāmana who is a scholar of applause in the field of ancient Indian literary criticism. "Kāvyālaṃkārasūtravṛtti" is unique contribution on the Rīti school of Sanskrit poetics. This aesthetician was a man of three-in-one, a poet, a philosopher and a grammarian. He sank deep into Kavi, Kāvya and Sahṛdaya. He has directed the crities to judge the beauty of the literary compositions on three points : doṣa, guṇa and alaṃkāra. He has established his exposition about the soul of poetry in three words. His rītis are also three in number — Vaidarbhī, Gauḍī and Pāñcālī. According to him sources of Kāvya are also three. Aggregation of these three digits are also symbolic. In this way it appears to us that our Vāmana had a great esteem for the number three. He was a believer of Triunity and we may call him a **Trinitarian.**

CS—169

काव्य में गुणों की अपरिहार्यता

डा॰ माण्डवी चन्द्रा, गोण्डा

काव्य की शोभा बढाने वाले अंतरंग धर्म को गुण कहा जाता है। शब्द और अर्थ तो काव्य के शरीर पर होते हैं तथा रस आत्मा के स्थान पर है, और गुण उसी रस के मुख्य धर्म है इसलिये गुण का रस के साथ साक्षात् संबन्ध होता है।

विभिन्न समालोचकों ने जो काव्यगुण की परिभाषायें दी है उन पर दृष्टिपात करने से काव्य में गुणों की अपरिहार्यता स्पष्ट हो जाती है। प्रायः सभी लक्षण ग्रन्थकार इस विषय पर एकमत है कि काव्य में सदा विद्यमान रहने वाले तथा शोभा के उत्कर्ष को बढाने वाले रस के धर्म को गुण कहते है।

विश्वनाथ और मम्मट ने काव्य के तीन ही गुण स्वीकार किये है। ओज, प्रसाद और माधुर्य, मम्मट तो तीन गुणों के प्रबल समर्थक है, इन्होंने तो दस गुणों का खण्डन किया है, ध्वनिवादी आचार्यो की दृष्टि में भी काव्यगुण तीन ही है, क्योंकि रसास्वादन के समय सामाजिकों के हृदय की तीन अवस्थायें होती हैं प्रथम द्रुति, द्वितीय विस्तार तथा तृतीय विकास। इस प्रकार रसास्वादन की तीन अवस्थायें होनें के कारण इनके धर्मगुण भी तीन ही है, गुण के सभी प्रकारों का समावेश इन्हीं तीन गुणों के अन्तंगत हो जाता है।

उपर्युक्त वर्णनों पर दृष्टिपात करने से प्रतीत होता है कि काव्य में गुणों की स्थिति अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है, वे काव्य के ऐसे अपरिहार्य अंग हैं जिनके बिना काव्य के सौन्दर्य की कल्पना नहीं की जा सकती।

CS—170

GUṆA IN THE CONTEXT OF STYLE

Dhirendra Nath Tarafder, Poona

The concept of *Guṇa* is one of the important doctrines in Indian literary criticism. Like any other doctrine, the controversy about the *Guṇa* started from Bharata and continued thereafter even upto the modern period. The expoundership of 'The school of *Guṇa*' or '*Guṇa-sampradāya*' is given to Daṇḍin. Nevertheless, it is true that the contribution of Vāmana, in this regard, is not less impressive. According to Vāmana '*Rīti* (Style) is the soul of poetry, and *Guṇa* is the soul of *Rīti* (Style)'. In Vāmana's treatment *Guṇas* belong to the word and sense and are called *Śabdaguṇa* and *Arthaguṇa* respectively. This type of statement is comparable to the concept of 'Form' and 'Content'.

For the manifestation of style, both, Form and Content, are equally indispensable. Variation in *Guṇas* results in the variation of styles.

In this paper we will try to answer the following question :

" Is it possible to say that the *Guṇas* are indispenable to manifest style ? Is *Guṇa* a style marker ? What role does it play in the manifestation of style ? "

CS—171

CONTRIBUTION OF INDIAN MUSLIMS TO SANSKRIT

Najam Absar, Ghaziabad

Like other people of the world, Indian Muslims showed keen interest in study, growth and development of Sanskrit. Many Muslim kings patronised it. As a result, Sanskrit got an impetus and flourished variously. In the past, Sanskrit was patronised by many Hindu kings. Similarly, many Muslim kings patronised it and they financially assisted for the growth and development of Sanskrit. In the history of Kashmir, many Muslims ascended the throne and patronised Sanskrit. Noted among them are Shahabuddin, Kutubuddin, Zainul-

Abedin etc. It is said that Zainul himself knew Sanskrit. Besides, Haider Shah and Bahram Khan were also well-versed in Sanskrit. Hasan Shah got his Sanskrit-teaching from his guru Śrīvara. During the Medieval perisd, many Mughal kings are found liberal towards the promotion of Sanskrit. In the 20th century, many Muslims may be given credit for learning Sanskrlt. In this paper, worth-mentioning names are of Pt. Habibur Rehman Dr. Husaini, Dr. Ausaf Ali, etc. This paper takes full account of such scholars in details.

CS—172

भासकालीन विवाह-संस्कार

दीपचन्द राम कश्यप, रांची

आज के समाज की तरह ही भास के काल में भी कन्या का विवाह विचारणीय विषय था। कन्या के पिता अच्छी तरह से सोच-समझाकर अच्छे योग्य वर को अपनी कन्या देते थे। जामाता की सम्पत्ति और गुण का विचार बिना किये यदि अपनी रुचि से कन्या किसी को दे दी गई तो वह कन्या अपने दोष से स्वसुरकुल तथा पितृ कुल इन दोनों कुलों का नाश कर डालती है। कन्या-विवाह कराने में माता-पिता दोनों बहुत चिन्तित दिखायी पडते हैं। 'अविमारक' और 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' इन दोनों ही नाटकों में माता-पिता कन्या-विवाह के लिए चिन्तित हैं। विवाह सम्बन्ध स्थापित करने के लिए वर पक्ष का दूत विवाह प्रस्ताव लेकर कन्या के माता-पिता के पास जाता था। विवाह में अत्यन्त विचार-विमर्श और परीक्षण के पश्चात् ही वर का चुनाव किया जाता था। विवाह सम्बन्ध के निश्चय करते समय गुण-गौरव, तत्कालिक स्थिति तथा भविष्य का विचार कर के जल्दीबाजी और दीर्घसूत्रता दोनों का परित्याग कर के देश काल के अनुसार कार्य करना आदि बातें आवश्यक मानी जाती थीं।

CS—173 = CS—164

CS—174

संस्कृत स्तोत्र-साहित्य में लहरीकाव्य

कु. अर्चना जोशी, इन्दौर

संस्कृत स्तोत्र-साहित्य का कोई विशिष्ट वर्गीकरण स्थिर रूप से किसी ने नहीं किया हैं। तथापि पूर्वाचार्यों ने जो प्रमुख-प्रमुख धाराएं निर्दिष्ट की हैं, उनमें लहरी काव्य का अपना स्वतन्त्र महत्त्व है। लहरी काव्यों में मानव के परमात्मा के प्रति किये जानेवाले आत्मनिवेदन का रागात्मक सम्बन्ध स्पष्ट प्रतिफलित दिखाई देता है। वैदिक वाङ्मय में की गई स्तुतियां लहरी काव्य के लिए

भी आदर्श रूप है। लहरी का सम्बन्ध जलराशि के प्रवाह अथवा तरंग समूह से व्याप्त है। जैसे एक समुन्नत शिखर से गिरती हुई जलधारा के भूतल पर बहने में एक आकुलता रहती है तथा लक्ष्य भी समूह तक पहुंच जाने का बना रहता है। उसी प्रकार लहरी काव्यों में भी अन्तरतल की भावोर्मियां बडी छटपटाहट के साथ परमात्मा से मिलने के लिए व्याकुल दिखाई देती हैं।

उपलब्ध लहरी काव्यों में सर्वप्रथम रचना सौन्दर्यलहरी मानी जाती है जिसके प्रणेता जगद्गुरू आदिशंकराचार्य है। शंकराचार्य के पश्चात् दार्शनिक तथा अन्योन्य विषयों से सम्बध अनेक लहरीकाव्य लिखे गए। पण्डितराज जगन्नाथ ने पांच लहरीकाव्यों की रचना की और उन्हीं के समकालीन अन्य कवियों ने उन्हीं से प्रेरणा प्राप्त कर अन्य वैसी ही रचनाओं के प्रति अपना उत्साह दिखाया। प्राचीनकालीन कवियों की भक्तिभावना प्रधान लहरीकाव्यों की रचना की प्रवृत्ति आधुनिक युग के कवियों में भी दृष्टिगोचर होती है। लहरीकाव्य विभिन्न विषयों को आधार बनाकर लिखे गए परन्तु अधिकांश लहरीकाव्यों में भक्ति भावना का प्राधान्य स्पष्ट दिखाई देता है।

कुछ देशभक्त कवियों ने मातृभूमि की गरिमा, देश के प्रति अपने कर्तव्य और स्वदेश के प्रसिद्ध स्थलों, पर्वतों, नदियों आदि विषयों को भी लहरीकाव्यों की शृङ्खला में स्थान दिया।

लहरीकाव्यों की एक सुदीर्घ परम्परा सदियों से चली आ रही है। प्राचीन तथा अर्वाचीन कवियों द्वारा लिखे गए कुछ उल्लेखनीय लहरीकाव्य इस प्रकार है।

बौद्ध-चिन्तन में बोधिसत्त्व का स्वरूप

डॉ. वीणा गौड, दिल्ली

समस्त भारतीय दर्शनों का लक्ष्य मोक्ष या निर्वाण है। बौद्ध दर्शन में निर्वाण की प्राप्ति के लिए मुख्यतः तीन आयाम अथवा मार्ग हैं – श्रावकयान, प्रत्येकबुद्धयान एवं बोधिसत्त्वयान। इन मार्गों में से प्राप्त होने वाले ज्ञान या बोधि के स्वरूप भी विभिन्नता से युक्त हैं यथा – श्रावक बोधि, प्रत्येकबुद्ध बोधि एवं सम्यक् सम्बोधि।

'बोधिसत्त्व' शब्द दो पदों से सम्पन्न है – 'बोधि' एवं 'सत्त्व'। 'बोधि' उस अमिश्र, विशेषणरहित, सर्व आवरणमुक्त प्रकृतिप्रभास्वर एवं सहजप्रभा-प्रस्तरण शक्ति-सम्पन्न ज्ञान का नाम है, जिसके अधिगम से मनुष्य की श्रेणी बुद्ध हो जाती है। 'सत्त्व' उस विवेकशील प्राणी का अभिवचन है जो उसके अधिगम के लिए सम्यक् रूपेण प्रतिपन्न होता है। संक्षिप्ततः बोधिसत्त्व का अर्थ – (बोधि) ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील प्राणी (सत्त्व) है।

"बोधौ ज्ञाने सत्त्वं अभिप्रायोऽस्येति बोधिसत्त्वः।"

बोधिसत्त्व के जीवन में सबसे अधिक महत्व 'महामैत्री' एवं 'महाकरुणा' का है। बुद्ध वही प्राणी बन सकता है जिसमें प्रज्ञा के साथ महाकरुणा का भाव विद्यमान रहता है। निरन्तर प्राणियों का हित करना बोधिसत्त्व का आदर्श है। इनके जीवन का प्रधान लक्ष्य है –

न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्।
कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम्॥

PB—28

EARLIEST BUDDHISM COMBINES MATERIALISM AND IDEALISM

Dr. (Miss) Krishna Chakraborty, Calcutta

The Main purpose of the paper is to show that the earliest Buddhism is the combination of idealism and materialism.

According to Lord Buddha, life is a process of becoming. Birth, death & sufferings these three are inevitable factors of life,

Buddha did not teach any metaphysics, his aim was mainly to disclose to the world the Four-fold Truth he had discovered concerning misery. In order to do that he has admitted idealist's view and materialist's view also. Like Materialism Buddhism also does not admit existence of God, validity of Vedas etc. On the other hand, like Idealism, Buddhism also admits Mokṣa or Nibbāṇa as the final objective of life.

Proceeding on such lines it is shown that the earliest Buddhism is a meeting ground of both idealism & materialism.

PB—29

NISSAYA AND DHUTANGA IN BUDDHIST TRADITION

Jayeeta Ganguli, Santīniketan

Asceticism plays a very important role in Indian life since the pre-historic times and all the religions were influenced by asceticism. Buddhism is no exception and thus ascetic practices were prevalent among the Buddhists from a very early stage. The four Niśrayas (or reliances) in a Buddhist monk's life were to be upheld by him to the best of his ability during his entire career as a monk. These are: i) Accepting only alms obtained by begging ii) Accepting only clothes made of rags from rubbish heaps iii) Living under trees and iv) Using only natural drugs such as faeces and urine. These Niśrayas were to be preached to the newly-ordained monks by the elders as prescribed by the Buddha.

At the early stage of the Saṅgha during the life time of Gautama Buddha, some newcomers experienced difficulties in observing the precepts. Relaxations were permitted to some extent. Subsequently, the Dhutaṅgas (ascetic practices) were developed for observance by the monks. The details regarding the inclusion of the Niśrayas in the list of the Dhutaṅgas have been discussed with reference to the various Vinaya traditions. The Dhutaṅgas, which were primarily not valued so highly, gradually gained importance and developed to its present form.

PB—30

बौद्ध ध्यानसाधना में चातुर्ब्राह्मविहार : एक अध्ययन

डॉ. धर्मचन्द्र जैन, कुरुक्षेत्र

श्रमणदर्शन में भावनाओं के आवर्जन पर अधिक बल दिया गया है। जैनदर्शन में मैत्री, करुणा, मुदिता (मोद) और माध्यस्थ ये चार एवं अनित्य-संसार

आदि बारह अनुपेक्षाओं — भावनों के चरमोत्कर्ष से कैवल्योपलब्धि बतलायी गई है जबकि मध्यममार्ग का अनुशरण करनेवाले बौद्धदर्शन में साधना के चालीस कर्मस्थानों (कम्मट्ठानेषु) में चार ब्राह्मविहारों की महत्ता प्रतिपादित की गई है। इन भावनाओं के भाने से ध्यान में उत्तरोत्तर विशदता आती है और साधक अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर बना रहता है। मैत्री-करुणा-मुदिता-उपेक्षा ये चार ब्राह्मविहार ध्यान की चार विशिष्ट भावनाएं हैं। इन्हें अप्रामाण्य भी कहते हैं। अर्हत्यान की अपेक्षा बोधिसत्त्वयान में इन भावनाओं का और अधिक महत्त्व है। बोधिसत्त्व महाकरुण और महाप्रज्ञा से निरन्तर ओतप्रोत रहते हैं। इन्हीं चातुर्ब्राह्म विहारों की प्रबल भावना से बौद्ध साधक सम्यक्-सम्बोधि — सर्वज्ञत्व का लाभ करता है। प्रस्तुत अनुबन्ध में बौद्धदर्शन की दृष्टि से इन्हीं चार ब्राह्मविहारों की उपयोगिता पर विस्तारसे अध्ययन किया गया है।

PB—31

BUDDHIST SAṄGHA AND MONASTIC IDEAL

Bimlendra Kumar, Delhi

If we study the rules meant for the guidance of the life and conduct of the Buddhist Bhikkhus we shall see that some of them (dealing with Vassā or Uposatha, for example) had simply been inherited by the *Saṅgha* (it is well known that the history of religious mendicancy in India already antidates the rise of Buddhism); others possibly borrowed from different sects, while the rest were undoubtedly peculiar to the *Bhikkhus* (the first step in which direction was probably the drawing up of Pātimokkha). The rules of *Vinayapiṭaka* have thus followed the course of evolution of Buddhist monachism itself.

Another significant development in the history of Buddhist *Saṃgha* was the formation of *Bhikkhunī Saṅgha*. The Buddha was definitely opposed to this idea, and he had rejected such a request of *Mahaprajāpati Gautamī* at Kapilvatthu. *Ānanda* was, however, able to persuade him to grant its formation. A number of rules and restrictions were imposed upon the *Bhikkhunīs*.

The earliest community of Buddhist monks practised the eremetical ideal. But after the death of the Buddha, the monks, who had by now settled down in *āvāsas*, were devoting their whole time to the study of the *Buddha-vacana*. Not only did some give up wandering for the weal and welfare of the others, but even neglected their own spiritual emancipation.

PB—32

ASPECTS OF THE WEI-SHIH (VIJÑAPTIMĀTRATĀ) PHILOSOPHY OF HSÜAN TSANG

Swati Ganguly, Delhi

The proposed study seeks to examine the concept of the Wei-shih (Vijñaptimātratā, Consciousness-Only), the doctrine originally systematized by Vasubandhu (A. D. 420-500) and summed up in his Vijñaptimātratātriṁsikā and as presented in the Chinese Buddhist text of the Ch'eng Wei-shih Lun (hereafter CWSL, Taisho, no. 1585) written by Hsüan Tsang.

Hsüan Tsang (A. D. 596-664), the famous Chinese monk, scholar and traveller summarised and compared all the ten commentaries of the Triṁśikā in his magnum opus, CWSL, in which he chiefly followed the line of Dharmapāla. Unfortunately, nine out of the ten commentaries mentioned above are lost in their originals. In view of this, the CWSL may be considered as the only source that examines the details of the epistemological, philosophical and the theological issues of the Vijñaptimātratā doctrine as discussed in the ten Indian commentaries on the Triṁśikā.

The present paper attempts to present the doctrine of Wei-shih in its various aspects.

PB—33

त्रिपिटक साहित्य में वर्णित निब्बाण

प्रा. बालचंद्र खांडेकर, नागपूर

इस शोधपत्रमें त्रिपिटक साहित्य में वर्णित निब्बाणपर (उसका स्वरूप, उसका शब्दार्थ, उसकी प्राप्तिका मार्ग, उसकी प्राप्तिकी चार अवस्थाएँ, निर्वाण प्राप्तिका फल आदि) विचार किया गया है ।

PB—34

CONCEPT OF SIN IN BUDDHISM

Dr. P. M. Upadhye, Goregaon

In this article an attempt has been made to examine the concept of sin in Buddhism in order to know how far it is different from other faiths. The

Buddhism firmly believes that man should be free from sorrow with the help of the 8-fold path. In fact all religions demand excellent moral conduct or pure life in order to be happy here and afterwards. Buddhism is no exception to this. Buddha himself says ' All the constituents of beings are transitory, seek freedom from it with diligence. (Dhammapade - teaching). This study reveals that the concept of sin in Buddhism is quite wider and it deals with social, moral and spiritual aspects and to avoid sin or evil, Buddhism demands pure spiritual life.

PB—35

AWAY WITH ALL SUPERSTITIONS ! : THE RELEVANCE OF THE BUDDHA'S TEACHINGS IN INDIA TO-DAY

Dr. Ramkrishna Bhattacharya, Calcutta

One of the least emphasized aspects of the Buddha's teachings is his total rejection of all popular superstitions as can be found in his discourses in the *Dīgha Nikāya*, specially in the Brahmajāla Sutta. In this respect his approach has a marked affinity with the propounders of the Cārvāka Lokāyata doctrine. Both Cārvāka and the Buddha belittled the Vedic sacrifical rituals, but the latter also exposed the fallacies invited in what Rhys Davids has called " the animistic hocus-pocus ".

It is also interesting to note that while Kauṭilya was keen to utilise the services of such charlatans and mountebanks as the so-called experts in *aṅgavidyā, jambhaka, lakṣaṇa, māyāgata, vāyasa, nimitta* etc. (*Arthaśāstra* 1. 11. 17, 1. 12. 1), the Buddha unequivocally condemned all these practices and boldly declared : *na hi maṅgale kiṁcanam stthi saccan* (Jātaka No. 453, Gāthā 138).

The Buddha was perhaps the only religious teacher in India who shunned all miracles and specifically forbade his disciples to display any *iddhi* (*Cullavagga*, 5. 5. 10).

All this makes his teachings as relevant to us today as they were in his own times.

PB—36

BUDDHISTS REFUTATION OF PRATYABHIJÑĀ AND ITS CRITIQUE BY JAINA LOGICIANS

Dr. G. L. Suthar, Jodhpur

The Vedic, Buddhist and Jaina logicians, as on other topics of epistemology, hold divergent views regarding the concept and validity of Pratyabhijñā (recognition). The Buddhist logicians reject the very concept of Pratyabhijñā on the basis of two reasons (hetus) — 1. Superimposition of contradictory dharmas and 2. Absence of the cause. Nor do they admit the validity of Pratyabhijñā, since there is an absence of its object.

The present paper, besides attempting to offer a faithful account of the Buddhists' criticism of the concept and validity of Pratyabhijñā, endeavours to elucidate the Jaina view and assess the contribution of Jaina logicians towards the concept of Pratyabhijñā. The similarity of Jayanta's concept of Pratayabhijñā with that of the Jaina Pratyabhijñā has also been examined in this paper.

PRAKRIT AND JAINISM SECTION

PJ—1

PRAKRIT TEXTUAL CRITICISM

Dr. Satya Ranjan Banerjee, Calcutta

In editing Prakrit texts, both literary and grammatical, some editorial disciplines are generally followed maintaining, of course, the grammatical structure of the language. But even then the Prakrit texts, as edited by different authors, though brilliant in their respective editorial principles, do not always conform with the grammar of the language. There are certain difficulties in editing a Prakrit text.

1. *Dialects* : Before editing any text we must remember that there are many dialects in Prakrit, such as, Mahārāṣṭrī, Śaurasenī, Māgadhī, Paiśāci and Apabhraṃśa. Besides these, there are some minor dialects, such as, Prācyā, Āvantī, Ḍhakki or Ṭakki, Śakārī, Cāṇḍālī as found in the Mṛcchakaṭika. The difficulty is that these minor dialects have got no standard grammar by which we can determine the characteristic features of these dialects.

2. As the dialectal features ane not strongly established, the editors are not sure as to which reading is to be accepted.

3. There are some other problems of the text which are purely grammatical. These are : the treatment of dental *n*, Yaśruti, etc. These are not uniform in all texts.

4. *Grammarians Vs Manuscripts* : In case of controversy between manuscripts and grammar who is to be followed in editing a Prakrit text — grammar or manuscripts ? Opinions differ in this regard. Some say manuscripts are to be followed truly; others think manuscripte are to be corrected with the help of a grammar. To solve this riddle it can be said that both the manuscripts and the grammar are to be followed together. If there is any incorrect form in the manuscripts we should take the help of a grammar in order to correct or rectify the manuscripts.

In this type of reading it is difficult to find out the original correct reading of a text which has been multilated in course of time and this is often found in the same text and even in the same grammar.

In conclusion we can say that some suggestions are tentatively given as a caution to draw the attention of scholars for inviting their suggestions with regard to the problem of Prakrit textual criticism.

PJ—2

PRĀKṚT VERBAL SUBSTITUTES AND THE NEW INDO-ARYAN LANGUAGES

Suchitra Ray (Acharyya), Hazinagar

While we go through Pkt. language we get many verbal substitutes which do not generally spring from their Sanskrit forms. In this paper I have made an attempt to show some of these forms which are recorded in the New Indo-Aryan languages. As this is a vast subject, I have not made a detailed study of this problem, but have taken up only a few such forms for discussion.

The verbal substitutes as given by Hc. (1088-1172 A. D.) are only taken up by me for the present. Hc. calls such forms as dhātvādeśas.

We have chosen some substitutes from the different Pkt. books. These forms are not directly connected with their Skt. Chāyā. In this paper they are discussed in an alphabetical order.

If we go through the Pkt. dhātvādeśas of Hc. we get such innumerable verbs which do not come down from the Skt. verbs prescribed by Hc. But certainly they come from the Skt. roots which are not yet in the horizon of our knowledge.

PJ—3

ROLE OF JAINISM IN MĀṆIKYADEVASŪRI'S NALĀYANA

Dr. Asoke Chatterjee, Calcutta

Nalāyana or Kuverapurāṇa is a great Mahākāvya interlaced on the pattern of the Nala-Damayantī episode of the Mahābhārata and Śrīharṣa's Naiṣadhacarita. But occasionally there are glimpses of his novel departure from this much-trodden path. These innovations are mainly connected with the poet's adherence to Jainism.

It is to be observed that in a very intelligent manner the writer inserted his profound reverence towards the Jaina ācāryas, mental adroitness in jotting

down the salient features of Jaina epistemology and sagacious exuberance in naming some Jaina savants. How and in what way all these have been introduced form the nucleus of the paper. But all these innovations did nowhere run contrary to the principal current of the Nala episode and therein lies the poet's credit.

PJ—4

आचार्य कुंदकुंद के मूलग्रन्थों की वृत्तियों एवं टीकाओं में अवतरित उद्धरणों का विशेष अध्ययन

डा. कमलेश जैन, नई दिल्ली

आचार्य कुंदकुंद एक युगप्रधान मनीषी हैं। जैन परम्परा में विशेषतः दिगम्बर जैनाचार्य परम्परा में उनका स्थान सर्वोपरि है, और उनके ग्रन्थ जैन साहित्य की अनुपम निधि है। अनेक आचार्यो ने अत्यन्त श्रद्धा-भक्ति के साथ आचार्य कुंदकुंद का नामस्मरण किया है, उनको नमन किया है, उनके वचनों को आगम के रूप में उद्धृत किया है और स्वयं को कुंद-कुंदान्वयी बताकर गौरवान्वित माना है।

आचार्य कुंदकुंद की रचनाओं का जैन साहित्य में अनेक दृष्टियों से बडा महत्त्वपूर्ण स्थान है। अनेक आचार्यो ने कुंदकुंद की रचनाओं पर गम्भीर और सारगर्भित टीकाएँ लिखी हैं। कुंदकुंद के टीकाकारों में आचार्य अमृतचन्द्र, आचार्य जयसेन, मुनि श्री पद्मप्रभमलधारिदेव और भट्टारक श्रुतसागरसूरि आदि प्रमुख हैं। इन्होंने संस्कृत भाषा में टीकाएँ लिखी हैं। ये टीकाएँ प्राचीन भी हैं। इनके साथ ही विभिन्न अर्वाचीन भाषाओं में भी व्याख्याएँ लिखी गयीं हैं।

अनेक आचार्यों ने अपने मूल या टीका साहित्य में अपने प्रतिपाद्य की प्रस्तुति में अथवा स्वकथ्य को प्रमाणित करने के लिए, आचार्य कुंदकुंद की गाथाओं को 'उक्तं च' और 'तथा चोक्तम्' रूप में उद्धृत किया है।

आचार्य कुंदकुंद के प्रमुख टीकाकारों ने भी विभिन्न प्रसंगों में बहुसंख्या में अन्य-अन्य ग्रन्थों के नाम से अवतरण उद्धृत किये हैं, साथही विना ग्रन्थ या ग्रन्थकर्ता का नामोल्लेख किए ही उद्धरण दिये हैं। कहीं-कहीं स्वयं आचार्य कुंदकुंद के ही उसी ग्रन्थ या किसी दूसरे ग्रन्थ के उद्धरण दिये हैं।

इन उद्धरणों में बहुसंख्या में ऐसे उद्धरण प्राप्त होते हैं, जिनके मूल-स्रोत-ग्रन्थ या ग्रन्थकर्ता की जानकारी आज उपलब्ध नहीं है, या उसका निश्चय नहीं हो पाता। अनेक ऐसे भी उद्धरण मिलते हैं, जो टीका में उद्धृत उद्धरणों और वर्तमान में उपलब्ध मूलग्रन्थों के पाठ से समानता नहीं रखते, उनमें पाठान्तर मिलते हैं।

इस निबन्ध में उक्त विषय पर एक संक्षिप्त अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

PJ—5

DEPICTION OF LOVE-LORN RĀVAṆA IN *SETUBANDHA*

Dr. V. K. Hampiholi, Kumta

Vātsyāyana states the ten stages of love-lorn man or woman and those stages are accepted by rhetorians and erotic writers. This paper exhibits that the poet Pravarasena has troden the same path in describing the love-sick condition of Rāvaṇa, who is a villain in his Kāvya. But the description of love-lorn Rāvaṇa appears to us a new one and a unique one.

Rāvaṇa in Setubandha differs from Rāvaṇa of Rāmāyaṇa Vālmīki sketches him as a pure villain. Kālidāsa, in Raghuvaṁśa, does not give much attention to the feelings of Rāvaṇa. But this paper shows that Rāvaṇa depicted in Setubandha is a true lover. He suffers a lot and displays his real love.

Thus this paper shows love-sick condition of Rāvaṇa and all those stages that are stated by Kāmasūtra of Vātsyāyana.

PJ—6

RĀGHAVABHAṬṬA ON MĀGADHĪ

Sri Jagat Ram Bhattacharyya, Hoogly

While working on Māgadhī, I have consulted some of the commentaries of Some Sanskrit dramas. While reading the commentary (Arthadyotanikā) of Rāghavabhaṭṭa (between 1475–1500 A. D.) of the Abhijñāna Śakuntalam of the VIth act, I have come across some Māgadhī features, where Rpghavabhaṭṭa has quoted some sūtras on Māgadhī. Being interested in the commentary of Rāghavabhaṭṭa, I have read them carefully and found some interesting features about Māgadhī which are not generally found in Prakrit grammars. At first I considered that the sūtras of Rāghavabhaṭṭa are quoted from some standard Prakrit grammar, but on closer analysis it is found that they are not; on the contrary, it appears either they are made by him or he might have quoted them from some works which are not available today. Though it is difficult to solve this riddle, one thing is certain that his sūtras need thorough revision and study.

PJ—7

ON THE TERM 'DARŚANA' IN JAINISM

Dr. K. P. Sinha, Gauhati

In Jainism, the term 'darśana' is used in three remarkable cases, namely, darśana-upayoga, kevala-darśana or ananta-darśana and samyak-darśana. In the first two cases, the term 'darśana' carries more or less the same meaning, namely, a general grasping of the object, which is clearly a cognitive fact. In the case of samyak-darśana, however, the term 'darśana' is explained as bearing a different meaning i. e. 'śraddhāna'. The term 'śraddhāna' in its turn is explained differently by different commentators and writers. Now the problems before us are : (1) First, why has the same term 'darśana' been used in the case of 'samyak-darśana' to give a meaning different from that in the other two cases ? (2) Secondly, does the meaning of the term 'darśana' used in 'samyak-darśana' has got any relation with the meaning of the same term in the other two cases ? To solve the problem, the meanings of 'darśana-upayoga', 'kevala-darśana' and 'samyak-darśana' are to be discussed.

PJ—8

विणओ धम्मस्स मूलं

डा· राय अश्विनीकुमार, बोधगया

'विनय धर्म का मूल है' यह प्रथित सिद्धान्त सभी सम्प्रदायों में आदृत है। अहिंसा संयम और तप रूप धर्म की वही आराधना कर सकता है जो विजितेन्द्रिय, जागरूक, अहंकार स्तब्धता आदि से रहित, नम्रता अनुशासनप्रियता, विनयशीलता आदि गुणों से विभूषित हो।

विभिन्न शास्त्रकारों ने विनय पर प्रकाश डाला है। शिष्टाचार, सुशीलता, सज्जनोचित व्यवहार, सच्चरित्रता, शालीनता, शुद्ध आचार, अनुशासन, जागरूकता इत्यादि अर्थों में विनय शब्द का प्रयोग हुआ है।

आगमग्रंथों में विनय तीन अर्थों में विशेष रूप से प्रचलित है :—

आत्मानुशासन, आत्मसंयम या सदाचार, नम्रता या सद्व्यवहार। इस रूपत्रयात्मक विनय का विस्तार से वर्णन उत्तराध्ययन के 'विनयश्रुत' तथा दशवैकालिक के 'विनयसमाधि' नामक अध्ययन में सविस्तृत विवेचन प्राप्त है।

PJ—9

VASANTA IN PRARRIT LITERATURE

Dr. Venimadhava Shastri Joshi, Dharwad

The word Vasanta, which stands for Vasanta-ṛtu, the spring, has three aspects in this article. The first aspect is the '*Nature*'. Many a stanza and passage in Prakrit present decorously this Vasanta through the description of the Nature. The second aspect is '*Festival*'. Vasantotsava, the vernal festival, was not a minor festival even in olden days, and as such the Prakrit works are rich with this aspect. The third feature is '*Śṛngāra*'. This Vasanta, in the words of lovers, is the pet friend of Cupid.

An humble attempt on these points is made in this article.

PJ—10

JAINA PHILOSOPHY OF NON-VIOLENCE

Dr. Kokila Hemchand Shah, Bombay

The present paper aims at bringing to light the ethico-social significance of the concept of non-violence peculiar to Jainism. Almost all religions highlight this principle, but Jaina philosophers have made a systematic analysis of the principle almost to the point of making it a science. However, the concept has often been misinterpreted. Hence the necessity to understand it in its proper perspective. The philosophy of non-violence as presented in Jainism is one of the main requirements of this century as one of the major problems confronting world today is violence. This principle is central to Jaina Ethics. All other virtues revolve round it. Its logical outcome is also the principle of love and vegetaria-nism. It is not religious sentimentalism but it reflects self-control, peace of mind. Non-violence is the law of our species while violence is the law of brute. The aphorism 'Ahiṁsā paramo dharmaḥ' is not merely a religious principle but has far-reaching social and political implications. Because of this unique principle Jaina can become the religion of the whole world.

PJ—11

जैनन्यायसम्मत ईहा का समीक्षात्मक विवेचन

कु. सुषमा जैन, डा. गणेशीलाल सुथार, जोधपुर

प्रस्तुत शोधपत्र में ईहा के स्वरूप का क्रमिक विकास प्रदर्शित करने के लिये तत्त्वार्थाधिगमभाष्यकार से लेकर नव्य जैन नैयायिक यशोविजय तक आचार्यों के ईहालक्षण का तुलनात्मक

विवेचन किया गया है। इसमें अकलङ्क के ईहोत्तरभावि-संशयसम्बन्धी विशिष्ट मत का भी समीक्षात्मक विवेचन किया गया है। अन्त में जैनन्यायसम्मत ईहा के गोतमीय-न्यायसम्मत (ऊह (तर्क) से साम्य तथा वैषम्य का भी निरूपण किया गया है।

PJ—12

जैन वाङ्मय में वर्णित पाटलिपुत्र

प्रो. डा. राजाराम जैन, आरा

प्राकृत, संस्कृत एवं अपभ्रंश के जैन-साहित्य में पाटलिपुत्र की स्थापना तथा तद्विषयक अन्य अनेक विषयों की चर्चाएँ मिलती हैं। उसमें पाटलिपुत्र के पाटलिग्राम, पाटलिपुर, पाटलिनगर, कुसुमपुर, पुष्पपुर, पुष्पभद्र आदि नाम मिलते हैं। ये सभी नाम पुष्पवाची होने के कारण स्पष्ट विदित होता है कि यह स्थल प्रकृति का एक मनोरम प्रांगण था, जहाँ सर्वत्र अनुपम सौन्दर्य बिखरा रहता था।

प्रस्तुत लघुनिबन्ध में पाटलिपुत्र की स्थापना उसके कारण, वहाँ की शिक्षा एवं संस्कृति तथा समृद्धी पर जैन स्रोतों के आधार पर प्रकाश डालने का प्रयत्न किया गया है।

PJ—13

अद्यावधि अप्रकाशित दुर्लभ ग्रन्थ — पज्जुण्णचरिउ में उपलब्ध कुछ राजनैतिक सन्दर्भ

डा. (श्रीमती) विद्यावती जैन, आरा

प्रद्युम्नचरित (पज्जुण्णचरिउ) तेरहवीं सदी के अन्तिम चरण का एक पौराणिक महाकाव्य है, जो अद्यावधि अप्रकाशित है। उसमें महाभारत के एक यशस्वी, तेजस्वी वीर-पुरुष प्रद्युम्न के चरित का मर्मस्पर्शी वर्णन हुआ है। उसके मूल लेखक महाकवि सिद्ध हैं। कुछ दैनिक विपदाओं के कारण इस रचना के कुछ अंश नष्ट-भ्रष्ट हो जाने के कारण सिद्धकवि के सम्भवतः सतीर्थ्य महाकवि सिंह ने अपने गुरु के आदेश से उसका पुनरुद्धार, पुनर्लेखन एवं संशोधन-कार्य किया था। इस कारण वह ग्रन्थ परवर्ती कालों में महाकवि सिंह द्वारा विरचित मान लिया गया।

प्रस्तुत ग्रन्थ अपभ्रंश अथवा पुरातन-हिन्दी की एक अनूठी कृति है तथा अपभ्रंश। पुरातन-हिन्दी की महाकाव्य शैली में लिखित स्वविषयक सर्वप्रथम स्वतन्त्र रचना मानी जा सकती है। भाषा, शैली एवं परवर्ती साहित्य की अनेक प्रवृत्तियों के मूल-स्रोत तो प्रस्तुत ग्रन्थ में उपलब्ध हैं ही, १३ वीं सदी की विभिन्न राजनैतिक, भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक

परिस्थितियों की दृष्टि से भी यह ग्रन्थ अपना विशेष महत्त्व रखता है। इसमें कुल १५ सन्धियां एवं ३०६ कडवक हैं। यहां उक्त ग्रन्थ के सभी पक्षों पर प्रकाश डालना तो सम्भव नहीं, किन्तु जो प्रासंगिक राजनैतिक सन्दर्भ उसमें उपलब्ध हैं, उन पर संक्षेप में विचार किया जायगा।

PJ—14

नारी समाज के विकास में तीर्थङ्कर महावीर का योगदान

कु. शारदा जैन, आरा

जैनेतर परम्परा में नारी को न तो पैतृक सम्पत्ति पर पुत्र के समान अधिकार दिया गया और न ही उन्हें वेदादि के अध्ययन का अधिकार दिया गया। जैसा कि कहा गया है— "स्त्रीशूद्रौ नाधीयताम्" यह विशेष रूप से ध्यान देने की बात है कि स्त्रियों को शूद्रों तक की कोटि में रख दिया गया। इसी प्रकार प्राचीन संस्कृत साहित्य के अनुसार नारी निश्चय ही नरक का द्वार है। "द्वारं किमेकं नरकस्य नारी" तथा "नारी प्रत्यक्षराक्षसी"। इन उदाहरणों से यह स्पष्ट है कि नारी की स्थिति कितनी शोचनीय थी।

PJ—15

उववाइय सुत्तं में चम्पा नगरी

हरेन्द्र प्रसाद सिंह, आरा

अर्धमागधी आगम साहित्य के अनुसार चम्पा अपने समय का सर्वश्रेष्ठ समृद्ध नगर था, जो शिक्षा, संस्कृति एवं व्यापार का सर्वविख्यात प्रधान केन्द्र था। जल एवं स्थल मार्ग से दूर दूर के सार्थवाह वहां व्यापार कार्य हेतु आते थे। यहां से प्रतिदिन लक्ष-लक्ष मुद्राओं की व्यापारिक सामग्रियों का आयात निर्यात किया जाता था। उववाइयसुत्त नामक ग्रन्थ में उसका पक्षीय सुन्दर चित्रण मिलता है। प्रस्तुत निबन्ध में उसी के अधार पर चम्पानगरी की गौरवपूर्ण समृद्धि पर संक्षिप्त प्रकाश डालने का प्रयास किया जायगा।

PJ—16

१० वी शताब्दी के जैनकाव्यों में प्रतिपादित सांख्यदर्शन की समीक्षा

जिनेन्द्र कुमार जैन, उदयपुर

जैन संस्कृति व साहित्य के विकास में १० वीं शताब्दी के मध्ययुगीन जैनाचार्यों द्वारा रचित संस्कृत, प्राकृत व अपभ्रंश साहित्य का विशेष योगदान रहा है। इस साहित्य में जैन धर्म

एवं दर्शन के मूलभूत सिद्धान्तों को प्रतिपादित करने के साथ-साथ जैन दर्शन से इतर-दार्शनिक सिद्धान्तों की समीक्षात्मक व्याख्या प्रस्तुत की गई है। अतः निबन्ध में इन आचार्यों द्वारा की गई सांख्य दर्शन की समीक्षा को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

PJ—17

जैन दर्शन में प्रत्यक्ष लक्षण

धर्मचन्द जैन, जयपुर

परमार्थतः जैनदर्शन में इन्द्रिय, मन आदि की सहायता के बिना आत्मा में ज्ञानावरण कर्म के क्षय अथवा क्षयोपशम से जो ज्ञान प्रकट होता है वह प्रत्यक्ष है, किन्तु जिनभद्र, अकलङ्क आदि जैन दार्शनिकों ने इन्द्रिय एवं मन की सहायता से होने वाले ज्ञान को सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष नाम देकर उसे भी परोक्ष से प्रत्यक्ष की श्रेणी में प्रस्थापित किया है। पारमार्थिक एवं सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष भेदों में व्याप्त रहने वाला प्रत्यक्ष लक्षण क्या हो, यह जैन दर्शनिकों के लिए विचारणीय विषय रहा।

जैन दर्शन में बाह्यार्थ के ज्ञान का सम्बध ज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशन अथवा क्षय के साथ स्थापित किया जाता है जो नितान्त रूपेण अव्यवहार्य है। यदि स्पष्ट ज्ञानावरण कर्म के क्षय अथवा क्षयोपशम से बाह्यार्थ का प्रत्यक्ष होता है तो बाह्यार्थ के अभाव में भी ज्ञानावरण का क्षय अथवा क्षयोपशम होने पर उसका ज्ञान हो जाना चाहिए, जो देखने में नहीं आता।

PJ—18

MYTHOLOGY—JAIN AND BUDDHIST

Priya Sen Singh, Delhi

The word 'mythology' means the scientific and historical study of myths, but it is often used in a loose sense to mean the body of myths belonging to any people or group of peoples.

Every religion accepts mythology as it serves their purpose in many ways. Anything explained in simple manner does not have effect over the minds of the people. But the explanations and illustrations of the nature and character of the gods or other powers help man to keep his relations with them on a right basis. Thus, it can be said that mythology plays an important role in the development of Religion, Art and Spiritualism in the society.

The Jain and Buddhist Religion originated against the rigidness of the Vedic religion, regarding the concepts of its mythology and ritualism. But later

on, both developed their own mythologies. On certain points they do agree with the Vedic mythology and at the same time they develop their concepts as per their needs. It may also be noted that the Jain and Buddhist mythologies developed in the same region and during the same span of time, but they have a number of divergences in this respect. This comparison is very important for the social, political and historical development of the society.

PJ—19

SOME WORDS OF PRAKRIT ORIGIN ATTESTED ONLY IN DRAVIDIAN

Dr. P. M. Joseph, Thumba

The Dravidian languages had had contact with various Prakrits such as Ardhamāgadhī, Pāli, Māgadhī, Paiśācī, the language of the Inscriptions, and Āpabhraṁśa. Though the Prakrit languages have abundant literature, many works are yet to see the daylight. The grammatical works of various Prakrits are written by scholars who have used a good number of these works. But in what has been published so far we do not get attestation of many of the possible forms stated in these works. It is interesting to note that many of these forms are found preserved in Dravidian languages. A study of these forms may help to understand the Prakrit grammatical rules better.

The present paper is an attempt to look into many such examples, and to evaluate the significance of their study.

PJ—20

भगवान महावीर के उपदेशों की सम सामयिकता

सुरेश कुमार, जयपुर

भगवान महावीर ने स्वयं पर और अन्यों के साथ व्यवहार में अपने आप पर ही नियन्त्रण का सिद्धान्त बतलाया है। इसके लिए उन्होंने सब धर्मों एवं जातियों को समान दृष्टि से देखने का उपदेश दिया है और यही आज के संविधान की मूल धारायें हैं। व्यक्तिस्वातन्त्र्य, आर्थिक समानता, धार्मिक समानता, जातीय समानता पर भगवान श्री महावीर ने अपने उपदेशों पर बल दिया है, जिन्हें हमारे संविधान के निर्माताओं ने गणतंत्र का स्तम्भ माना है। भगवान महावीर ने स्त्रियों की स्वतन्त्रता के लिये उन्हें पुरुष सम सम्मान दिलाया और उन्हें मुनिसंघों में आर्यिका के रूप में स्वीकार किया। इतना ही नहीं, भगवान महावीर ने मैत्री समभाव से रहने

के लिये कहा और प्राणी तो प्राणी वनस्पती जगत का कष्ट भी स्वयं के कष्ट के समकक्ष माना है। वैभव व मिथ्या दर्शन के त्याग पर बल देकर भगवान श्री महावीर ने ऊँच-नीच की दिवार खडी नहीं करने को कहा हैं। उन्होंने अनेकान्त के द्वारा एक वैचारिक क्रान्ति उत्पन्न की और सभी को इसके नीचे खडे होकर अपना अभिमत व्यक्त करने की पूर्ण स्वतन्त्रता प्रदान की।

PJ—21

भगवान महावीर और उनका नैतिक मूल्य

प्रो. डा. राम जी राय, आरा

भगवान् महवीर के युग में भी नैतिक मूल्य स्थिर नहीं थे। नैतिकता के मूल्य ही जब विस्थापित हो गए तब अमानवीय व्यवहारों पर रोक भी कैसे लगाई जा सकती थी।

वर्तमान परिस्थितियों के सन्दर्भ में भगवान् महावीर का वह चिन्तन जन-जन को नया आलोक देने वाला है।

यह एक मानवीय दुर्बलता है कि मनुष्य व्रतस्वीकार करने के बाद भी स्खलित हो जाता है। इसलिए भगवान ने व्रतों के अतिचारों का विश्लेषण करके व्यक्ति को व्रतपालन की दिशा में और अधिक जागरूक बना दिया।

भगवान् महावीर ने कहा है कि पांचों ही अणुव्रत नैतिक आचार संहिता के आधार-स्तम्भ हैं।

इस प्रकार श्रावक धर्म की प्ररूपणा के माध्यम से सार्वजनिक आचार-संहिता देकर भगवान् महावीर ने अनैतिकता की धधकती हुई ज्वाला में भस्म होते हुए संसार का बहुत बडा उपकार किया है।

PJ—22

जैन धर्म में भगवान महावीर का योगदान

प्रो. डा. चन्द्रदेव राय, आरा

भगवान महावीर ने जैन धर्म में काफी योगदान दिया है तथा साथ-साथ ही धर्म का प्रचार सूक्ष्म एवं मार्मिक ढंग से मानव समाज के समक्ष प्रस्तुत किया है। भगवान महावीर को जैन धर्म का जन्मदाता कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

उपनिषदों की विश्वव्यास ख्याति 'तत्त्वमसि' के महान सूत्र में निहित है। इसमें मानवीय आत्म की मूल दिव्यता व्यक्त है। जो आपने निर्मल जीवन व संयम-साधना से अपनी

उच्चतम स्थिति प्राप्त कर लेता है — परमात्मा कहा जाता है, वह अर्हत होता है — काल की सीमाओं व पुनर्जन्म के अवसरों से मुक्त।

PJ—23

जैन दर्शन और आचार योगदर्शन के तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में

कु. अरुणा आनन्द, दिल्ली

भारतीय दर्शन सैद्धान्तिक और व्यावहारिक — दो अनिवार्य पक्षों पर आधारित हैं जिन्हें क्रमशः विचार और आचार कहा जाता है। दोनों पक्ष एक दूसरे के पूरक हैं। जब कि विचारों का सहयोग प्राप्त न हो तब तक जीवन का विकास यथार्थ रूप से नहीं हो पाता।

भारतीय दर्शन के अन्तिम लक्ष्य (साध्य) मोक्ष की सिद्धि धर्मरूपी साधन से ही सम्भव होती है इसलिए प्राचीन भारतीय चिन्तकों ने धर्म और दर्शन अर्थात् आचार और विचार का साथ-साथ प्रतिपादन किया है। जैन दर्शन एवं योगदर्शन इसका प्रत्यक्ष प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि जैन दर्शन एवं योगदर्शन को आचारप्रधान दर्शन की संज्ञा दी जाए तो अनुचित न होगा।

जैन दर्शन के त्रिविध मोक्ष मार्ग की यह विशेषता है कि इसमें आचार को सर्वाधिक विशेषता प्रदान की गई है और सम्यक् चरित्र के बिना सम्यक् दर्शन और सम्यक् ज्ञान को निरर्थक माना है।

यद्यपि जैन दर्शन और योगदर्शन दोनों का लक्ष्य समान है तथापि उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निर्धारित साधनों-धार्मिक आचरणों में भिन्नता दिखाई देती है। परन्तु सूक्ष्म रूप से विचार करने पर दोनों में पर्याप्त समानता दिखाई देती है। अन्तर इतना है कि जैन दर्शन में निरूपित आचार योगदर्शन की अपेक्षा अधिक विस्तृत एवं व्यापक है तथा उसके नियम भी अपेक्षाकृत अधिक कठोर हैं। इसका प्रमुख कारण दोनों की चिन्तन पद्धति का भिन्न होना है।

PJ—24

कुन्दकुन्द का नियमसार

ऋषभचन्द्र जैन फौजदार, आरा

कुन्दकुन्द दिगम्बर परम्परा के सर्वाधिक विश्रुत, अध्यात्मवेत्ता, उत्कृष्ट तपस्वी मुनि थे।

कुन्दकुन्द एक सशक्त प्रशासक थे। अनुशासन, संघ संचालन, परम्परा रक्षण तथा संवर्द्धन उनका मुख्य लक्ष्य था। सम्भवतः इसीलिए उन्होंने नियमसार नामक परमागम शास्त्र की रचना की।

'नियमसार' नाम की सार्थकता स्पष्ट करते हुए वे कहते हैं कि 'जो नियम से करने योग्य है, वह 'नियम' ज्ञान, दर्शन और चारित्र है, इन से विपरीत भावों का परिहार करने के लिये 'सार' पद कहा गया है। मोक्षमार्ग के लिये 'नियम' शब्द का प्रयोग आचार्य कुन्दकुन्द ने ही किया है, जो अन्यत्र देखने को नहीं मिलता। इस रत्नत्रय रूप नियम का फल निर्वाण है।

PJ—25

मृगावती एक महान् साध्वी सती के रूप में

प्रो. डा. शिवकुमारी सिंह, आरा

शतानीक की पत्नी मृगावती की कथा भारतीय साहित्य में प्रसिद्ध है। सोलहवीं शताब्दी के मुस्लिम कवि कुतुबन ने भी इस कथा से प्रभावित होकर हिन्दी में मृगावती की कथा रची। जिसकी प्रति बिकानेर राज्य की अनूप संस्कृत लाईब्रेरी में विद्यमान है।

जैन धर्म में सोलह सती स्त्रियां मानी गयी हैं, जिनका नाम प्रातःकाल बडी श्रद्धा से लिया जाता है। मृगावती उन्हीं सोलह में से एक है।

मृगावती भगवान महावीर के उपदेश से प्रभावित होकर दीक्षाग्रहण करके आर्या चन्दनवाला के पास साधना कर ६० समय का उपवास कर मोक्ष पधारी। इस प्रकार हम देखते हैं कि मृगावती एक महान् साध्वी सती के रूप में है। जिसने जैन धर्म के भगवान् महावीर का उपदेश ग्रहण कर, उस मार्ग पर चल कर अपना मोक्ष प्राप्त कर लिया।

PJ—26

णायाधम्मकहाओं की मल्ली कथा में वर्णित कला-कौशल

प्रो. सुशिल कुमार, पटना

जैनागम साहित्य में णायाधम्मकहाओं अपना विशिष्ट स्थान रखता है। यह आगम साहित्य का सर्वप्रथम गद्य ग्रंथ है, जिनमें भगवान महावीर के उपदेश कथा के आवरण में ढंक कर प्रस्तुत किये गये हैं।

मल्ली की कथा एक विस्तृत प्रबन्ध कथा है, जिसमें सामाजिक व्यवस्था की तथा धर्मतत्त्व तथा धर्मानुयायियों की पुष्कल अभिव्यंजना की गयी है।

तत्कालीन समाज में कला-कौशल की उन्नत अवस्था के दर्शन होते हैं। सभा के रौनक को बढाने के लिए विविध प्रकार के चित्र बनवाये जाते थे। कभी-कभी कुछ विशेष अवसर पर चित्रसभा भी आयोजित की जाती थी। चित्रकारों की कुशलता इतनी बढी हुई थी की पर्दे के अन्दर बैठे किसी पात्र के अंगविशेष को देखकर उसका सर्वांग चित्र तैयार कर देते थे।

तत्कालीन समाज में काष्ठ कला भी विकसित हो चुकी थी। नाव, बैलगाडी आदि पर नाना प्रकार की काष्ठकलाओं का प्रयोग किया जाता था। माल्य कला भी काफी विकसित हो चुकी थी। विशिष्ट अवसरों पर साज सज्जा के लिए माल्यकला का आदर्श प्रयोग किया जाता था।

स्वर्ण कला भी काफी विकसित हो चुकी थी।

मूर्तिकला का भी सम्यक् विकास तत्कालीन समाज में हो चुका था।

PJ—27

महाकवि पुष्पदन्त की जीवनावधि

प्रो. डा. सुदर्शन मिश्र, भोजपुर

महाकवि की रचनाओं में उनकी प्रतिभा, बहुज्ञता, प्रौढावस्था तथा जीवन के प्रति धारणा आदि की जो झलक मिलती है, उससे प्रतीत होता है कि महापुराण रचना से पूर्व महाकवि ने अपने जीवन की कम से कम २५ वर्ष की अवधि अवश्य ही व्यतीत कर ली थी। महापुराण की रचना उन्होंने मान्यखेट में रहते हुए ९५९ ई. में प्रारंभ की थी। वहाँ उनके जीवन की कम से कम १४ वर्षों की अवधि अवश्य ही व्यतीत हुई थी। मान्यखेट ध्वंस के पश्चात् उनके द्वारा प्रशस्तियों की रचना एवं उसके बाद आश्रयहीन अवस्था में काव्य-क्रीडा का उनका जीवन यदि पाँच वर्ष भी मान लिया जाय तो उनकी जीवनावधि २५+१४+५=४४ वर्ष सिद्ध होती है।

इस प्रकार ९३४ ई. से लेकर ८७८ ई, तक के ४४ वर्षों का समय महाकवि पुष्पदन्त के जीवन की कम से कम अवधि माना जा सकती है।

PJ—28

स्थानांग सूत्र में प्रयुक्त कतिपय गणितीय शब्द

डा. राजेन्द्र त्रिवेदी, जबलपुर

जैनियों द्वारा गणित को अत्यधिक महत्त्व दिया गया है। इसका कारण उनकी कर्म सिद्धान्त की विस्तृत विवेचना है। इसीलिए उनका धार्मिक साहित्य जो चार अनुयोगों में विभक्त है, उसका एक भाग गणितानुयोग है। सन् १९३५ में जब भारतीय गणितज्ञ डा. बी. बी. दत्त एवं डा. ए. एन. सिंह ने 'हिस्ट्री आफ हिन्दू मेथामेटिक्स' प्रकाशित किया तब उन्होंने अधो-लिखित स्थानांग सूत्र के संदर्भ को महत्त्व प्रदान करते हुये अनुसंधाताओं को जैन गणित की दिशा में विचार करने के लिये संकेत दिया। उन्होंने जैन स्कूल के गणित के क्षेत्र को स्थानांग सूत्र को ही माना है।

परिकम्मं ववहारो रज्जु रासी सवण्णो य।
जावन्तावति वग्गो घणो ततो वग्गावग्गो विकप्पो त ॥ ७४३ ॥

यहां परिकर्म्म, व्यवहार, रज्जु, राशि, कला, सवर्ण, यावत्-तावत्, वर्ग, घन, वर्ग वर्ग एवं विकल्प का कथन हुआ है।

लेकिन जब कर्म सिद्धान्त के ग्रंथ उनके समक्ष और आये जिसमें षट्खण्डागम की धवला और जय धवला एवं कषायपाहुड हैं तो और भी सामग्री उन्होंने विचारार्थ प्रस्तुत की। प्रस्तुत शोध पत्र में उपर्युक्त उद्धरण में प्राप्य गणितीय शब्दों का विवेचन किया गया है।

PJ—29

जैन वाङ्मय में अनध्याय काल

प्रो. हृषीकेश तिवारी, पटना

जिस तरह जैनागमों में स्वाध्याय के लिए समय बताया गया है, उसी तरह अनध्याय काल का भी। अनध्याय काल में स्वाध्याय वर्जित है।

स्थानाङ्ग सूत्र में दस आकाश से सम्बन्धित, दस औदारिक शरीर से सम्बन्धित, चार महाप्रतिपदा, चार महाप्रतिपदा की पूर्णिमा और चार सन्ध्या, इस प्रकार बतीस अनध्याय काल माने गये हैं।

जिसकी पुष्टि, मूलाचार, भगवती अराधना एवं भद्रबाहु संहिता से होती है। द्रव्य, क्षेत्र और काल के आधार पर धवला में भी अनध्याय काल का विस्तृत विवेचना उपलब्ध है।

वास्तव में प्राचीन काल में शिक्षा साधनों की अल्पता थी, अत एव प्रकृति-प्रकोप होने पर स्वाभाविक रूप से अध्ययन बन्द कर दिया जाता था।

वातावरण दूषित होने, राजविप्लव, हिंसक घटना, बडे लोगों की मृत्यु, जिससे कि मानसिक सौन्दर्यानुभूति दूषित हो, की अवस्था में स्वाध्याय वर्जित था। जब तक चित्त में ऐसी घटनाओं से शान्ति न हो तब स्वाध्याय कैसे सम्भव होगा ?

PJ—30

जैन दर्शन में आत्मतत्त्व — एक अवलोकन

प्रो. शैलेन्द्रकुमार राय, पटना

दृश्यमान जगत को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है — चेतन और अचेतन। पदार्थों की चेतनता का कारण उनमें व्याप्त किन्तु इन्द्रियों के अगोचर वह तत्त्व है जिसे जीव या

आत्मा कहते हैं। प्राणियों के अचेतन तत्त्व से निर्मित शरीर के भीतर उससे स्वतंत्र इस 'आत्म-तत्त्व' के अस्तित्व की मान्यता यथार्थतः भारतीय तत्त्वज्ञान का अत्यन्त प्राचीन एवं मौलिक शोध है। यह प्रायः समस्त वैदिक एवं अवैदिक दर्शनों ने स्वीकार किया है।

जैनदर्शन में आत्मतत्त्व पर विशेष रूप से विचार किया गया है। निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि जैनदर्शन में जितना आत्मतत्त्व पर विशद वर्णन मिलता है, उतना अन्य किसी दर्शन में नहीं। आत्मतत्त्व जैनदर्शन में सर्वप्रथम एवं प्रथम तत्त्व के रूप में प्रतिष्ठित है तथा अन्य तत्त्वों का विवेचन भी इसी की महत्ता के कारण विशेष रूप से प्रतीत होता है।

PJ—31

जैन धर्म में आचार का महत्त्व

प्रो. राजेन्द्र सिंह, आरा

जैन परम्परा में जितना महत्त्व आचार को मिला है उतना ही महत्व विचार को मिला है। यही कारण है कि आचार की अपेक्षा जैन परम्परा धर्म है और विचार की अपेक्षा दर्शन है।

भगवान महावीर ने जहाँ आचारमूलक अहिंसा की आराधना व साधना के लिए श्रावक के बारह व्रत और श्रमण के लिए पञ्चमहाव्रत समिति गुप्ति का विधान किया है वहाँ पर सत्य के सही स्वरूप को समझने के लिए अनेकान्त दृष्टि दी है।

PJ—32

जैनदर्शन तथा न्यायदर्शन की प्रमाण और प्रमाणफलविषयक विप्रतिपत्ति

कुमारी सरोज कौशल, जोधपुर

प्रमेय का ज्ञान प्रमाण द्वारा ही हो सकता है। प्रमाण तथा प्रमाण के फल के विषय में नैयायिकों में विप्रतिपत्तियां हैं। यद्यपि जैनदार्शनिक एवं नैयायिकों ने प्रमाण को मोक्षमार्ग के सोपानरूप में स्वीकार किया है तथापि प्रमाण के स्वरूप, प्रमाण तथा फल के भेदाभेद के विषय में दोनों दार्शनिकधारायें भिन्न-भिन्न तथ्य प्रस्तुत करती हैं।

तत्त्वार्थसूत्र की सर्वप्रमुख टीका सर्वार्थसिद्धि में आचार्य पूज्यपाद ने ज्ञान के प्रामाण्य का समर्थन करते हुए सन्निकर्ष के प्रामाण्य का निराकरण किया है।

जैन परम्परा सम्यक् ज्ञान को प्रमाण मानती है। यदि ज्ञान को प्रमाण मान लिया जाये तो ज्ञान रूप प्रमाण के फल का अभाव नहीं होगा। 'उपेक्षा अज्ञाननाशो वा फलम्।' प्रमाण के फल को दो भागों में विभक्त किया गया है —

१. साक्षात् फल अर्थात् प्रमाण से अभिन्न फल

२. पारम्परिक फल अर्थात् प्रमाण से भिन्न फल

न्याय परम्परा में इन्द्रियव्यापार के पश्चात् होने वाले सन्निकर्ष से हानोपोदानोपक्षाबुद्धि पर्यन्त क्रमिक फलों की परम्परा में से पूर्व-पूर्व फल को उत्तरोत्तर फल की अपेक्षा से प्रमाण कहा गया हैं।

जैनन्यायव्यवस्थापक अकलंक ने प्रमाण और फल के भेदाभेदविषयक जैन मन्तव्य को व्यवस्थित कर मध्यवर्ती फलों को प्रमाण तथा फल उभयरूप कहने की वैशेषिक-नैयायिक की सापेक्ष शैली को जैन प्रक्रिया के अनुसार घटाया।

नैयायिक प्रमाण एवं फल में तादात्म्य स्वीकार नहीं करते। प्रमाण को ही फल मानना उचित प्रतीत नहीं होता क्योंकि करणरूपता और फलरूपता ये दोनों धर्म परस्पर विरोधी है, अतः एक वस्तु में एक साथ नहीं रह सकते।

"स्याद्वाद" सिद्धान्त का आश्रय लेकर जैनदार्शनिक प्रमाण का अभिन्न फल अज्ञान निवृत्ति को मानते है।

जैन नैयायिक "सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम्" इस प्रकार सम्यक् ज्ञान को प्रमाण मानते हैं परन्तु नैयायिक ज्ञान को एकान्ततः फलरूप नहीं मानते हैं।

PJ—33

जैन साहित्य में अगडदत्त कथा एवं कुशललाभ कृत अगडदत्तरास

डा. मनमोहनस्वरूप माथुर, जोधपुर

जैन साहित्य में अगडदत्त से सम्बन्धित कथा को अत्यधिक महत्त्वपूर्ण स्थान है। जैन-समाज में इसके प्रचार का सबसे बड़ा प्रमाण यही है कि अति प्राचीन काल से इस कथा को आधार बना कर जैन विद्वानों ने आख्यानों और काव्यों का निर्माण किया। संस्कृत, प्राकृत, राजस्थानी, गुजराती और अन्य अनेक भाषाओं में अगडदत्त को आधार बना कर साहित्य रचा गया है।

अगडदत्त-संम्बन्धी कथा की सर्वाधिक प्राचीन परम्परा आगे बढी और १८ वीं शताब्दी के अन्त तक अगडदत्त से सम्बन्धित रचनाएं मुझे अपने शोध कार्य के समय विभिन्न ग्रंथालयों में प्राप्त हुईं।

इस शोध निबन्ध का मूल विषय अगडदत्त की कथा परम्परा का परिचय देते हुए वाचक कुशललाभ (१७ वीं शताब्दी) की रचना 'अगडदत्तरास' की कथा की तुलना करना है।

इसमें साम्य एवं वैषम्य लक्षित होते हैं।

PJ—34

जैन धर्म में व्यसनमुक्त जीवन का तुलनात्मक अध्ययन

प्रो. जनेश्वर भऊर, आरा

जैन धर्म में भगवान् महावीर की देन अद्वितीय है। इन्होंने बताया है कि मृत्यु और व्यसन इन दोनों में से व्यसन अधिक हानिप्रद है। व्यसन ऐसे विष वृक्ष हैं जो बिना बोये हुए मानवीय गुणों के गौरव को राख में मिला देते हैं।

व्यसनों की तुलना हम उस कर्दम युक्त गहरे गर्त से कर सकते हैं जिसमें ऊपर हरियाली लहलहा रही हो, फूल खिल रहे हों, पर ज्यों ही व्यक्ति उस हरियाली और फूलों से आकर्षित होकर उन्हें प्राप्त करने की चेष्टा करता है त्योंहीं वह दल-दल में फँस जाता है। व्यसन व्यक्ति की बुद्धिमत्ता, कुलीनता, सभी सद्गुणों को नष्ट करनेवाला है।

यों तो व्यसनों की संख्या का कोई पार नहीं है। वैदिक ग्रन्थों में व्यसनों की संख्या अठारह बताई गई है। उन अठारह में दस व्यसन कामज हैं और आठ व्यसन क्रोधज हैं।

PJ—35

रामकथा के जैनरूपान्तरों की पृष्ठभूमि

डा· मिथिलेश कुमारी मिश्र, पटना

ईसा पूर्व छठी शती में जैनों के २४ वे तीर्थंकर भगवान् महावीर हुए जिन्होंने जैन धर्म का पुनरुद्धार किया। कालक्रम से आचार्योंने धार्मिक साहित्य का संकलन किया। धर्म को व्यापक और लोकप्रिय बनाने के लिए साहित्य का सृजन भी होने लगा। इस क्रम में जैनाचार्यों ने पूर्ववर्ती साहित्य को अपनी धार्मिक परम्पराओं के साँचे में ढालने का प्रयास किया। अब तक रामायण की कथा लोकप्रिय हो चुकी थी। जैनाचार्यों ने रामायण की कथा को अपनाकर अपने ढंग से प्रस्तुत किया।

रामायण की कथा के नवोद्भावन में जिन तत्त्वों का योगदान रहा उसमें जैनों के आचार तत्त्व दर्शन का स्थान सर्वोपरि है। रामकथा के सभी पात्रों को जैन धर्मानुयायी दिखलाया हैं। उनके क्रिया कलापों में कर्म सिद्धान्त का आरोप किया गया है। अवसर मिलते ही जैन सिद्धान्तो का समावेश किया गया है। रामकथा के जैन रूपान्तरों की पृष्ठभूमि में इस सायास तत्त्व प्रयोग के अतिरिक्त कुछ अन्य तत्त्व भी रहे हैं जिनकी दो श्रेणियाँ मानी जा सकती हैं— एक पारम्परिक और दूसरी सामयिक।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि जैन रामकाव्यों की पृष्ठभूमि में मूल रामकथा तो रही ही साथ ही सामयिक तत्वों तथा बृहत् कथा से आगत विद्याधर धारणा का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।

PJ—36

THE CONCEPT OF LOVE IN *SATTAKAS* [PRAKRIT PLAYS]

Dr. Chandramauli S. Naikar, Dharwad

That the *saṭṭakas* form (especially the *Karpūramañjarī* forms) the thesis on the treatment of love and an aspect of it is the theme of this paper.

Rājaśekhara alone, in his *Karpūramañjarī*, states the concept of love, its origin, cause etc. but not others.

Praṇaya, Premagranthi and Anurāga mark the three stages in the development of love.

To conclude, the general properties are found to be more or less the same : ' Male love being active and dominant ; female love being passive and subservient ' is common among Hindus etc.

PJ—37

अष्ट-पाहुड और प्रकीर्णकों में वर्णित साधुचर्या

कमलकुमार जैन (शास्त्री), पुणे

शौरसैनी-प्राकृत के ग्रन्थों में आचार्य कुन्दकुन्द द्वारा प्रणीत अष्टपाहुड एक उपदेशात्मक ग्रन्थ है। इसमें विभिन्न विषयों का विवेचन है जिसमें साधु की चर्या केन्द्रबिन्दु के रूप में है। दर्शन, ज्ञान एवं चारित्र का साधु को किस प्रकार पालन करना चाहिए एवं किस प्रकार के मिथ्य दुष्कर्मों से बचना चाहिए इसका निर्देश आचार्य कुन्दकुन्द ने इन पाहुडों में किया है।

अर्धमागधी आगम साहित्य के अन्तर्गत दस प्रकीर्णक ग्रन्थों की भी गणना की गई है, इन ग्रन्थों में विविध (प्रकीर्णक) विषय वर्णित हैं। इन प्रकीर्णक ग्रन्थों और अष्टपाहुड के पाहुडों की विषयवस्तु में बहुत कुछ समानता है। सम्यग्दर्शन साधु का भाव एवं साधु की चर्या आदि बहुत सी बातें तुलनीय हैं।

PJ—38

THE LANGUAGE OF *KARPŪRAMAÑJARĪ*

Mrs. Shobhana Bhattacharyya, Calcutta

Karpūramañjarī (=*KM*) is a drama written entirely in Prakrit irrespective of any characters. It is generally believed that *KM* is written in Śaurasenī Prakrit. But in Sten Konow's edition the verses are given in Mahārāṣṭrī and accordingly the text is edited — Mahārāṣṭrī in verses and Śaurasenī in prose passages. In the edition of Manomohan Ghosh the only language used is Śaurasenī. Because of this difference between these two editors with regard to the language, a problem may be raised whether *KM* is written entirely in Śaurasenī, or in Mahārāṣṭrī and Śaurasenī combined irrespective of any character. As usual, opinion is divided into two groups. It is very difficult to reconcile the two. But a closer analysis will reveal the fact that Śaurasenī could be the language of *KM* as can be corroborated even from the edition of Sten Konow.

Despite our attempts to restore the earliest readings of *KM*, be it Śaurasenī or Mahārāṣṭrī or mixture of both, it is pretty certain that the language used by Rājaśekhara in *KM* is in anyway artificial and more or less perfectly in conformity with the Prakrit grammarians.

PJ—39

THE *NAṬYAŚASTRA* AND THE OḌRAJĀ PRAKRIT

Bhagaban Parida, Bhubaneswar

In enumerating the *Vibhāṣās* the GOS edition of the *Nāṭyaśāstra* (*NŚ*). XVII. 50 retains *Āndhrajā* in the text, though the reading *Oḍhrajā* (*Oḍrajā* ?) is also found in some mss. But while making the specific assignment the *NŚ* omits both. However in the variant readings of the *NŚ* XVII. 57 some mss. support the cause of *Oḍhrajā*, while none supports that of *Āndhrajā*. *NŚ* XVII. 58 also *NŚ*. XVII. 46 prohibit the employment of the dialect of Āndhra in the dramas. Rāmatarkavāgīśa mentions *Autkalī*, and Mārkaṇḍeya mentions *Oḍhrī*, while neither mentions *Āndhrajā*. Thus the case of *Oḍhrī* outweighs that of *Āndhrajā* and deserves to be retained in *NŚ*. XVII. 50.

Oḍra means a country and its people as well. The country is located in Swat or ancient Uddiyan. It has been the name of Orissa. *Oḍhrī* or *Oḍrī*, therefore, may be the dialect of *Oḍra* country or *Oḍra* tribe. As *Oḍrī* is one

of the *vibhāṣās* that are generally considered the dialects of tribes or groups, it is more probable that *Oḍrī* is the dialect of *Oḍra* tribe. The *Oḍras* in present Orissa represent a cultivated class of people. They were excellent and clever irrigationists and expert agriculturists who took up the special vocation of excavation of tanks. They were probably expert in cutting stones. This skill of the Oriya people in subsequent centuries in erecting huge temples at Bhubaneswar, Puri and Konark is well-known. These digging people might have migrated to the north and north-west India from Orissa. As they were famous as diggers, their service in digging trenches etc. was required by the kings, especially during warfare. Bharata probably marked the profession and the linguistic peculiarities of the tank-digging *Oḍras* and assigned their dialect i.e. *Oḍrī* to the diggers in the dramas, as it suited them most.

PJ—40

स्वयम्भूच्छन्द और छन्दोऽनुशासन के अपभ्रंश पद्यों में वर्णित बाह्य प्रकृति

डा. राधेश्याम मिश्र, गाजियाबाद

प्रकृति के जैसे जीवंत चित्र अपभ्रंश काव्य, विशेषतः 'स्वयम्भूच्छन्द' और 'छन्दोऽनुशासन' के अपभ्रंश पद्यों में मिलते हैं, वैसे चित्र उस युग के संस्कृत और प्राकृत साहित्य में भी दुर्लभ हैं।

'स्वयम्भूच्छन्द' के अपभ्रंश पद्यों में प्रकृति-विषय अधिकांश में लोकजीवन से गृहीत हैं और लोक के ही स्तर पर चित्रित हुए हैं। यहाँ प्रकृति अपने स्वाभाविक यथार्थ रूप में हमारे सामने आती है। वह अनलंकृता तथापि चारुरमणीया है।

